राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 114 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


प्रधानमंत्री मोदी पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 10 पुलिसकर्मी शहीद

### गाड़ी को 50 किलो विस्फोटक से उड़ाया, ड्राइवर की भी मौत, इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी

**विस्फोटक से ब्लास्ट किया**

**= ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरआई) यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/दंतेवाड़ा**

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरआई) यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। सूत्रों के मुताबिक यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।





इसी दौरान नक्सलियों ने वाहन पर बम भी फेंका। आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

**नक्सलियों का हमले के लिए कैंपेन चल रहा:** बस्तर में नक्सलियों का टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेनसचल रहा है।

नक्सली इस दौरान अक्सर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है।

### शाह ने नक्सली हमले पर सीएम बघेल से की बात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को दंतेवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) जवानों पर हुए आईईडी हमले के विषय पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बातचीत की। गृहमंत्री ने हालात का जायजा लेने के साथ ही सभी प्रकार की सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की जानकारी पर नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया था। इस दौरान डीआरजी टीम पर आईईडी विस्फोट से हमला हुआ। इसमें 10 डीआरजी जवान एवं एक चालक के शहीद होने की जानकारी मिली है।

### नक्सलियों को बख्शेंगे नहीं: सीएम बघेल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले पर दुख जताया है। कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

**दो ट्रेनें रद्द:** बस्तर में किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ये दोनों यात्री ट्रेनें दंतेवाड़ा से आगे किरंदुल नहीं जाएगी।

## अतीक के दफ्तर में मिले खून के धब्बे इंसान के



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**माफिया** अतीक अहमद के खंडहर हो चुके दफ्तर में सोमवार को मिले खून के धब्बे इंसान के हैं। पुलिस सोर्स के मुताबिक, फोरेंसिक जांच में इसकी पुष्टि हुई है। पुलिस अब यह पता कर रही है कि दफ्तर में आखिर किस पर जानलेवा हमला हुआ है। महिला या पुरुष? वह जिंदा है या मर गया? पुलिस को आशंका किसी महिला पर हमला होने की है, क्योंकि, दफ्तर में साड़ी और चूड़ियां भी बिखरी मिली थीं। दफ्तर में पुलिस को 9 स्थानों पर खून के धब्बे पहली मंजिल पर किचन से लेकर सीढ़ियों पर मिले थे। यही नहीं, कपड़ों और दीवारों पर भी खून के छींटे थे। फर्श पर एक चाकू भी पड़ा था। उसमें भी खून लगा हुआ था। उधर, अतीक की फरार पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश में मंगलवार को पुलिस ने कई जगह छापेमारी की।

## कालियागंज में भीड़ ने पुलिस को पीटा



**टीम एक्शन इंडिया/दिनाजपुर**

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में 21 अप्रैल को 17 साल की दलित नाबालिग का शव नहर में तैरता मिला था। परिजन का आरोप था कि लड़की से रेप के बाद उसकी हत्या की गई, लेकिन पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं है। इसके विरोध में कालियागंज थाने के बाहर आदिवासी और राजबंशी समुदाय ने प्रदर्शन किया और थाने में आग लगा दी। मंगलवार को हुई घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को बेरहमी से पीटा जा रहा है। मारने वाले वीडियो रिकॉर्ड करते हुए भी नजर आ रहे हैं। उधर, पश्चिम बंगाल की उट ममता बनर्जी ने कहा है कि ये सब बंगाल में अशांति फैलाने के लिए किया गया है। कालियागंज थाने को जलाने के लिए बाहर से लोगों को लाया गया था। थाना जलाने वालों की प्रॉपर्टी जब्त करेगी।

## सूडान से 561 भारतीयों को निकाला

**टीम एक्शन इंडिया/खार्तूम/नई दिल्ली**

**सूडान में** 72 घंटे के संघर्ष विराम के बाद राजधानी खार्तूम समेत देश के अन्य हिस्सों में झड़पें जारी हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में साढ़े पांच सौ से ज्यादा भारतीयों को निकाल लिया गया है। इन्हें सऊदी अरब के जेद्दाह लाया जा चुका है। अब तक तीन बैच में 561 लोगों को जेद्दाह पहुंचा दिया गया है। सूडान में 4 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत पहले बैच में 278



**'ऑपरेशन कावेरी'**

**= पिछले 24 घंटों में साढ़े पांच सौ से ज्यादा भारतीयों को निकाल लिया गया है। इन्हें सऊदी अरब के जेद्दाह लाया जा चुका है**

भारतीयों को नेवी के जहाज क्ठर सुमेधा से सूडान पोर्ट से सऊदी अरब के जेद्दाह पहुंचाया गया। इसके बाद 148 और 135 भारतीयों को भारतीय वायु सेना के C-130J एयरक्राफ्ट से जेद्दाह लाया गया। अब इन्हें जल्द ही एयरलिफ्ट कर भारत लाया जाएगा।

**सूडान में अब तक 459 लोग मारे गए:** सूडान में तख्तापलट के लिए सेना और पैरामिलिट्री फोर्स के बीच 15 अप्रैल को लड़ाई शुरू हुई थी। वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन के मुताबिक, लड़ाई में अब तक 459 लोगों और सैनिकों की मौत हो चुकी है। 4,072 लोग घायल हुए हैं। सूडान में 72 घंटे का सीजफायर 27 अप्रैल रात 12 बजे तक हैं।

## पहलवानों का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ओलंपिक** पदक विजेता पहलवान बीते चार दिन से दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि इसी बीच धरने पर बैठे पहलवानों ने आज नेट बिछाकर प्रैक्टिस की और दांवपेंच की जोर आजमाइश की। दिल्ली के जंतर मंतर पर भारतीय पहलवानों का धरना अभी भी जारी है, लेकिन इस दौरान वो भी सड़क पर कसरत करते नजर आए। उच्चतम न्यायालय ने भी यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग कर रहीं सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिन ही पहलवानों को समर्थन देने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, सीपीएम नेता वृंदा करात, कांग्रेस नेता उदित राज भी पहुंचे थे।

## विविधता हमारे संबंधों को मजबूत बनाती है: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/ अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के सोमनाथ में चल रहे 'सौराष्ट्र तमिल संगमम' के समापन समारोह में भाग लिया। उन्होंने 17 अप्रैल से समारोह के समापन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, 'यह संगमम नागेश्वर और संदरेश्वर की धरती का संगम है। डांडिया और कोलाट्टम का संगम है।' पीएम ने कहा कि भारत विविधता को विशिष्टता के रूप में जीने वाला देश है। हम अलग-अलग भाषाओं, बोलियों, कलाओं और विषयों का उत्सव मानते हैं। हमारी विविधता हमें बांटती नहीं, बल्कि हमारे बंधन और संबंधों को मजबूत बनाती है। अलग-अलग धाराएं जब साथ आती हैं तो संगम

**विविधता**

**= भारत विविधता को विशिष्टता के रूप में जीने वाला देश है। हम अलग-अलग भाषाओं, बोलियों, कलाओं और विषयों का उत्सव मानते हैं: मोदी**

का सृजन होता है। हम इन परंपराओं को सदियों से पोषित करते आए हैं।'

यह श्रीकृष्ण और श्री रंगनाथ की धरती का संगम है: पीएम ने कहा,' इतनी बड़ी संख्या में आप सब अपने पूर्वजों की धरती पर आए हैं, अपने घर आए हैं... आपके चेहरों की खुशी देखकर मैं कह सकता हूं कि आप ढेरों यादें और भावुक अनुभव यहां से लेकर जाएंगे।'


## चारधाम यात्रा पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन सख्त



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**चारधाम** यात्रा को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए सरकार और प्रशासन दोनों मुस्तैद हो गए हैं। पुलिस महानिदेशक ने बुधवार को समस्त पुलिस कप्तानों से चारधाम यात्रा को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चारधाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर कही जा रही तमाम बातों को पुलिस ने अफवाह बताया है। इस तरह की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मंगलवार को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा में तेजी आ गयी। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने यात्रा की व्यवस्था और दर्शन को लेकर तरह-तरह की पोस्ट डाली हैं।

## 'मन की बात' जन आंदोलनों का अग्रदूत है: उपराष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि मन की बात जन आंदोलनों का अग्रदूत है। जनता कर्फ्यू हो या कोरोना योद्धाओं का उत्साहवर्धन मन की बात ने इस लड़ाई को जन आंदोलन का रूप दे दिया। मन की बात का ही करिश्मा था कि प्रधानमंत्री के एक आह्वान पर कोरोना महामारी के दौरान जनता कर्फ्यू लग गया और लोगों ने पूरा सहयोग दिया। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में मन की बात @100 पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उपराष्ट्रपति ने मन की बात कार्यक्रम को देश में नकारात्मक माहौल में कमी लाने और सकारात्मक भाव में वृद्धि लाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी के पावन अवसर पर साल 2014 में प्रधानमंत्री ने मन की बात की एक नायाब शुरूआत की। उनके मन की बात हर आदमी के दिल की बात बन गई। मन की बात के पिछले एपिसोड ज्ञान बढ़ाने, प्रेरित करने और भारतीय इतिहास व संस्कृति की समृद्धि से रूबरू करवाने वाले हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रसार भारती के पूर्व सीईओ एस.एस. वेम्पती द्वारा लिखित कलेक्टिव स्पिरिट, कंक्रीट एक्शन नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से की गई बातचीत के आकर्षक पहलुओं का दस्तावेजीकरण करती है।

## मंत्री संदीप सिंह पर आरोप लगाने वाली कोच पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली जूनियर महिला कोच पर जानलेवा हमला हो गया। कोच रात लगभग 9 बजे पंचकूला में अपनी महिला मित्र के साथ स्कूटी में पेट्रोल डलवाने जा रही थी। इस दौरान सेक्टर-8 में काफी देर से इंतजार कर रही एक काले रंग की एंडेवर ने सर्विस रोड पर उसे टक्कर मारने की कोशिश की। इस दौरान



वह बाल बाल बच गई। हालांकि इसके बाद एंडेवर चालक मौके से फरार हो गया। जूनियर महिला कोच ने इस मामले की एक तहरीर सेक्टर 5 थाने में दी है, जिसमें बताया गया है कि हमला करने वाली एंडेवर पंजाब नंबर की थी।

**2 घंटे पहले सोशल मीडिया पर मिली धमकी:** इस जानलेवा हमले से पहले जूनियर महिला कोच को उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर धमकी मिली थी। यह धमकी हमले से 2 घंटे पहले दी गई थी। धमकी देने वाले ने कहा था कि अब तक तो धमकी दे रहे थे अब करके भी दिखाएंगे। इसके बाद यह हमला हुआ है। कोच के अनुसार, इससे पहले भी उसे कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है, लेकिन हमला पहली बार हुआ है।

## ऑस्ट्रेलिया में 24 मई को होगी बाइडेन-पीएम मोदी की मुलाकात



**वाशिंगटन:** अगले माह 24 मई को ऑस्ट्रेलिया में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात होगी। सिडनी में आयोजित क्वाड लीडर्स समिट मे उनके साथ जापानी प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीस भी होंगे। क्वाड चार देशों, भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख रणनीतिक मंच है। इसका प्राथमिक उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करना है। वैश्विक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, समुद्री डोमेन जागरुकता और अन्य मुद्दों पर अपने सहयोग को गहरा कर सकते हैं।

## 'मन की बात' का भारत के लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा: आमिर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** की 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने दिल्ली पहुंचे अभिनेता आमिर खान ने कहा कि 'मन की बात' का भारत के लोगों पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। अभिनेता आमिर खान ने 'मन की बात' को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि यह संवाद का बहुत महत्वपूर्ण माध्यम है, जहां देश के नेता अपने नागरिकों से गंभीर मुद्दों पर न केवल बात करते हैं।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगा इफको नैनो डीएपी: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इफको नैनो डीएपी (तरह) प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि लागत को कम करेगा। वे बुधवार को इफको नैनो डीएपी (तरह) का शुभारंभ करते हुए अपने विचार रख रहे थे। इस दौरान केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नैनो डीएपी तरल और नैनो यूरिया तरल कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगा। इससे खाद की खपत कम होगी और किसान समृद्ध होगा। आगे उन्होंने कहा कि नैनो



डीएपी (तरह) और नैनो यूरिया (तरह) के आने से यूरिया की खपत में 14 फीसदी की कमी आई है और डीएपी की खपत में पहले 06 फीसदी और फिर 20 फीसदी कम करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी संदर्भ में आगे उन्होंने कहा कि दोनों नैनो खाद किसानों की लागत को कम करेंगी। इससे गेहूं की लागत में छह फीसदी की कमी

**यूरिया की खपत कम होगी**

**= नैनो डीएपी तरल और नैनो यूरिया तरल कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगा। इससे खाद की खपत कम होगी और किसान समृद्ध होगा**

आएगी, जबकि आलू और गन्ने की लागत में 20 फीसदी की कमी आएगी। शाह ने कहा कि इफको नैनो डीएपी (तरल) फर्टिलाइजर क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की शुरूआत है। अभी देश में 384 लाख मीट्रिक टन फर्टिलाइजर का उत्पादन होता है।

**साधा निशाना**

### सुप्रीम कोर्ट में कई मुस्लिम संगठनों ने तीन तलाक कानून को दी है चुनौती

## कानून को चुनौती: तीन तलाक कानून समय की जरूरत: केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तीन तलाक** पर बने कानून को चुनौती देने के मामले में केंद्र सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूरी तरह अमल सुनिश्चित करने के लिए कानून वक्त की जरूरत थी, ऐसे केस में 3 साल तक की सजा से तीन तलाक को रोकने में मदद मिली है। केंद्र सरकार ने कहा है कि तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किये जाने के बावजूद अभी भी पूरी तरह इस पर रोक नहीं लग पाई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि कोर्ट के फैसले के बाद भी देशभर में सैकड़ों की संख्या में तीन तलाक के केस सामने आए हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ट्रिपल तलाक कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। बोर्ड ने कहा है कि तलाक-ए-बिद्दत को अपराध बनाना असंवैधानिक है। इस मसले पर जमीयत-उलेमा-ए-हिंद समेत 3 याचिकाएं पहले से लंबित हैं। इन पर कोर्ट ने 13 सितंबर 2019 को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने कहा था कि जिस प्रथा को सुप्रीम कोर्ट



रद्द घोषित कर चुका है, उसके लिए सजा का प्रावधान क्यों किया गया है। उन्होंने कहा था कि तीन साल की सजा वाला सख्त कानून परिवार के हित में नहीं है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका में ट्रिपल तलाक के कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि ट्रिपल तलाक को रोकने वाला

**सजा का प्रावधान**

**= केंद्र सरकार ने कहा है कि तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किये जाने के बावजूद अभी भी पूरी तरह इस पर रोक नहीं लग पाई है**

हालिया कानून संविधान की मूल भावना के अनुरूप नहीं है। वकील एजाज मकबूल के जरिये दायर याचिका में इस कानून पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस कानून को लागू करने के लिए ऐसी कोई परिस्थिति नहीं थी क्योंकि ऐसे तलाक को सुप्रीम कोर्ट पहले ही असंवैधानिक घोषित कर चुका है। याचिका में कहा गया है कि इस्लामिक कानून के मुताबिक शादी एक दीवानी कांट्रैक्ट है और तलाक के जरिये उस कांट्रैक्ट को खत्म किया जाता है। इसलिए दीवानी गलतियों के लिए फौजदारी उत्तरदायित्व तय करना मुस्लिम पुरुषों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि एक्ट की धारा 4 के मुताबिक 3 साल की कैद का प्रावधान काफी ज्यादा है, क्योंकि इससे गंभीर मामलों में भी उससे कम की सजा का प्रावधान है।

## सिद्धू सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**

**पंजाब कांग्रेस** के दिग्गज नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट की शरण ली है। नवजोत सिद्धू ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनकी सुरक्षा को जेड प्लस किया जाए, क्योंकि उनकी जान को खतरा है। सिद्धू ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि पहले उन्हें जान से मारने की कई बार धमकी मिल चुकी है। इस कारण केंद्र ने उन्हें जेड प्लस सिक्योरिटी दी थी। रोड रेज मामले में जब वह जेल गए तो सुरक्षा वापस ली गई थी। तब आश्वासन दिया गया था कि जब वह जेल से बाहर आएंगे तो उन्हें सुरक्षा वापस कर दी जाएगी।



**एक संदिग्ध व्यक्ति घर में घुस चुका:** सिद्धू के मुताबिक, अब जब वह जेल से रिहा हुए तो उनकी सुरक्षा को कम करके कैटेगरी कर दिया गया है। सिद्धू ने कोर्ट को यह भी बताया कि करीब 4 दिन पहले ही उनके घर की छत पर एक अज्ञात व्यक्ति भी देखा गया। इस मामले में पटियाला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति खिलाफ मामला भी दर्ज किया है।

# देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को मिले इंसाफ: हुड्डा

### जंतर-मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों ने कुश्ती महासंघ पर गंभीर आरोप लगाए हैं, इनकी निष्पक्षता के साथ जांच जरूरी है

**8 बहुत जल्दी एसकेएम गैर-राजनीतिक के हरियाणा-पंजाब चैप्टर की मीटिंग करके पहलवानों के समर्थन में बड़ा फैसला लेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को इंसाफ मिलना चाहिए। जंतर-मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों ने कुश्ती महासंघ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इनकी निष्पक्षता के साथ जांच जरूरी है। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां मीडिया से बातचीत में कही। वे यहां पूर्व मंत्री राव धर्मपाल की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राव धर्मपाल एक कर्मयोगी थे। उनका पूरा जीवन देश व समाज को समर्पित रहा। एक जनप्रतिनिधि, विधायक और मंत्री के तौर पर उन्होंने हरियाणा खासकर गुरुग्राम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वो अपने पीछे जो रिक्त स्थान छोड़कर गए हैं, उसकी भरपाई करना मुश्किल है। गुरुग्राम में हुड्डा ने भाजपा छोड़कर आए, कई नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इनमें प्रमुख रूप से सुभाष पांचाल (भाजपा जिला उपाध्यक्ष, फरीदाबाद), अनिल (भाजपा ब्लॉक समिति सदस्य), अमित (भाजपा मंडल अध्यक्ष, पानीपत) आदि शामिल हैं। सभी ने कांग्रेस की नीतियों और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया और पार्टी में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।

**8 भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया और पार्टी में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया**

**खाप पंचायत प्रतिनिधि खिलाड़ियों को समथर्न देने दिल्ली पहुंचे:** किसान संगठनों व खाप प्रतिनिधियों ने खरखौदा सोनीपत में सेंकड़ों की संख्या में बुधवार को इकट्ठे होकर जंतर-मंतर की तरफ पहुंचे और धरनारत पहलवानों को अपना समर्थन दिया। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने जंतर-मंतर पर बुधवार कहा कि मोदी सरकार एक तरफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देती है लेकिन देश की बेटियों को राजनेताओं से बचाने की जरूरत है। जब पहलवान मैडल जीतते हैं तो पूरे देश का मान-सम्मान बढ़ाते हैं। इनके प्रदर्शन को जाति व क्षेत्र विशेष का रंग देने का प्रयास भाजपा द्वारा किया जा रहा है। बहुत जल्दी एसकेएम गैर-राजनीतिक के हरियाणा-पंजाब चैप्टर की मीटिंग करके पहलवानों के समर्थन में बड़ा फैसला लिया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो वे जंतर-मंतर पर पहलवानों के साथ पक्का मोर्चा लगाने को तैयार हैं। सरोहा खाप प्रधान सतीश सरोहा, राजबीर माजरा, दहिया खाप से रविंद्र दहिया, शमशेर दहिया, अजित दहिया, फौगाट खाप से हरदीप फौगाट, इंदरजीत राणा, राजू, राजेन्द्र, प्रवीण दहिया, संजय खरेटा, रणबीर भुकर, वीरेंद्र खोखर प्रतिनिधि सदस्य शामिल रहे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सिख समाज भड़का

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
सिख समाज के गुरु और सिख धर्म को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और अभद्र टिप्पणी डालने के विरोध में आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में सदर थाना जगाधरी पहुंचे। पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू की और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। गांव महिलावाली के शिकायतकर्ता सुखजिंदर सिंह ने बताया कि साढ़ौरा थाने के गांव हैबतपुर में रहने वाले गौरव पंडित नाम के युवक की आईडी से सोशल मीडिया पर हमारे गुरू और सिख धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डाली है। जिसमें अभद्र भाषा लिखी हुई है। जिसमें विशेषकर मोहाली के एक गुरुद्वारे में दो दिन पहले हुई गुरुग्रंथ साहिब बेदबी

**8 पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू की और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया**

मामले का भी जिक्र उसने अपनी पोस्ट में डाला हुआ है जिसे वह सही बता रहा है। किसान नेता मंदीप सिंह रोड छप्पर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पोस्ट से हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। हम अपने गुरुओं और धर्म का तिरस्कार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस सूचना के मिलते ही जिला पुलिस उप अधीक्षक प्रमोद कुमार थाना सदर जगाधरी में पहुंचे और सिख समाज को आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## 30 को हुड्डा के सम्मान समारोह में उमड़ेगी भारी भीड़: सुरेंद्र सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** 30 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सम्मान में स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में विशाल सम्मान समारोह आयोजित होने जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह सैनी भिवानीखेड़ा ने सम्मान समारोह में निमंत्रण देने के लिए कई गांव का दौरा किया। ग्रामीणों से मिलने उपरांत सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से रूबरू होने के लिए ग्रामीणों में भारी उत्साह है क्योंकि प्रदेश की जनता भाजपा जजपा गठबंधन सरकार से बेहद दुखी है इसलिए प्रदेश की भलाई एवं



जनता के हितों के लिए चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा का मुख्यमंत्री देखना चाहती है ।प्रदेश की जनता ने चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 साल के शासनकाल को बखूबी देखा है जिसमें उन्होंने प्रत्येक वर्ग को बराबर सुविधाएं देने का काम किया। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों से अत्याधिक खफा है और गठबंधन सरकार से पीछा छुड़ाना चाहती है। कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह 30 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में ज्यादा संख्या में पहुंचकर लोकप्रिय भावी मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से रूबरू होकर कर अपनी समस्याओं को बताएं। सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने बताया कि आज प्रदेश में चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है ।बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। गरीब आदमी को अपना जीवन चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री 30 अप्रैल को होने वाले सम्मान समारोह में थानेसर के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के निमंत्रण पर कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं ।इस दौरान वे कार्यकताओं से रूबरू होंगे वही आमजन भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से खुलकर बात कर सकेगा ।यह सम्मान समारोह पूरी तरह से के प्रति समर्पित होगा।
इ

## कैफे में पुलिस का छापा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
यमुनानगर शहर के एक कैफे में लोगों की शिकायत पर बुधवार दोपहर को पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही मौके से कैफे संचालक दरवाजा बंद करके फरार हो गया। बाद में पुलिस ने मिस्त्री बुलवाकर कैफे का दरवाजा खोला तो अंदर से पांच युवकों और 5 युवतियों को पुलिस ने बाहर निकाला। इस कैफे के आस पास शिक्षण संस्थान है। यमुनानगर शहर पुलिस के थाना प्रभारी पृथ्वी सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत पर की गई कार्रवाई में इस कैफे का संचालक बाहर से ताला लगाकर भाग गया। मौके पर मिस्त्री को बुलाकर ताला खुलवाया गया तो कैफे के अंदर 5 युवक और 5 युवतियां थी। जिन्हें पुलिस पूछताछ के लिए थाने लेकर आई है। कैफे के अंदर छोटे-छोटे कैबिन बनाए गए थे।

## मेलबर्न में विक्टोरिया पार्लियामेंट विराजित किया श्रीमद भगवद गीता को

~~प्रदेश के सभी पीएससी में लगेंगी ईसीजी मशीनें: विज~~

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के चलते मेलबर्न में विक्टोरिया की पार्लियामेंट में श्रीमद्भगवद्गीता विराजित कर दी गई। आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों एवं भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए वह पल गौरव करने वाले रहे, जब भारत से हजारों मील दूर यहां ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में विक्टोरिया की पार्लियामेंट के डिप्टी स्पीकर ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विशेष रूप से पधारे वृंदावन रमन रेती से कार्ष्णि स्वामी गुरु शरणानंद महाराज एवं गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के कर कमलों से श्रीमद्भगवद्गीता को अपने सिर पर धारण किया। अहम पहलू यह है कि हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी आस्ट्रेलिया में महोत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंच चुके है। इसके अलावा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सीईओ एवं एडीसी अखिल पिलानी भी महोत्सव में पहुंचे है।
विक्टोरिया संसद के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट ली ट्रालमिस, मेंग हींग टक, मैथ्यू हिलकारी, जॉन बुलाए, काउंसल जनरल ऑफ इंडिया इन मेलबर्न सुशील कुमार एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा की उपस्थिति में डिप्टी स्पीकर मैट फ्रेगॉन ने श्रीमद्भगवद्गीता को सहर्ष स्वीकार



**8 आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों एवं भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए वह पल गौरव करने वाले रहे**

करते हुए सभागार में उपस्थित भारतीयों व ऑस्ट्रेलियंस को संबोधित करते हुए बताया कि उनके जीवन में ध्यान साधना का विशेष महत्व रहा है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मुख से श्रीमद् भागवत गीता की महिमा के साथ-साथ ध्यान साधना के बारे में सुनकर ध्यान के प्रति उनका मन और आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि ध्यान साधना मन को मजबूत रखने का सर्वोत्तम साधन है। श्रीमद्भगवद्गीता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डिप्टी स्पीकर ने कहा कि भारत के संतो से प्राप्त की गई गीता को वह हृदय की गहराइयों से स्वीकार करते हैं तथा इसे विक्टोरिया पार्लियामेंट की लाइब्रेरी में सम्मान पूर्वक स्थान देंगे।
विक्टोरिया की संसद में श्रीमद्भगवद्गीता को विराजित करने में मेलबर्न की धार्मिक संस्थाओं विशेषकर एसोसिएशन ऑफ हरियाणा इन ऑस्ट्रेलिया, हिंदू काउंसिल, इस्कॉन एवं बीएपीएस आदि संस्थाओं के सहयोग के साथ भारतीय मूल के पूर्व में कुरुक्षेत्र निवासी और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी के प्रमुख नेता अभिमन्यु कुमार का विशेष योगदान रहा। विक्टोरिया की संसद में श्रीमद्भगवद्गीता के विराजित होने से ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों के चेहरों पर श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण भारतीय सनातन संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति अपार स्नेह एवं भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

## शहीद डीएसपी सुरेन्द्र के बेटे को मिली पुलिस में नौकरी



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा सरकार ने नूंह में खनन माफिया के हमले में शहीद हुए डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू के बेटे सिद्धार्थ को सब इंस्पेक्टर की नौकरी दी है। उन्हें करनाल में पोस्टिंग मिली है। शहीद डीएसपी सुरेन्द्र सिंह मूल रूप से जिले के सारंगपुर गांव के रहने वाले थे और फिलहाल उनका परिवार कुरुक्षेत्र में रहता है। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से भी सिद्धार्थ को पत्र जारी किया गया है। उन्हें अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली है। सारंगपुर गांव के रहने वाले डीएसपी सुरेंद्र सिंह नूंह में तैनात थे। नूंह के पंचगांव में डीएसपी सुरेंद्र सिंह अपने चालक और गनमैन के साथ 19 जुलाई 2022 को खनन एरिया का निरीक्षण करने गए। इस एरिया में अवैध खनन भारी मात्रा में होता था। जब डीएसपी ने अवैध खनन होते देखा तो उन्हें पकड़ने का

**8 सरकार से मांग की थी कि उनके बेटे सिद्धार्थ को पुलिस विभाग में नौकरी उसी रैंक पर मिले**

प्रयास किया। माफिया ने डीएसपी पर डंपर चढ़ा दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हरियाणा पुलिस ने अपनी वेबसाइट पर भारत के वीर पर मेवात में शहीद हुए डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू की बहादुरी की गाथा अपलोड की थी। इसमें उनकी शहादत का पूरा जिक्र किया गया था। शहीद डीएसपी के परिवार ने सरकार से मांग की थी कि उनके बेटे सिद्धार्थ को पुलिस विभाग में नौकरी उसी रैंक पर मिले, जिस रैंक पर उसके पिता तैनात थे। सिद्धार्थ की उम्र 29 साल हो गई है, इसलिए आयु में भी छूट मांगी थी।

## योग विषय में रोजगार के भी असीम अवसर हैं : सचिंद्र कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र योग जिला इकाई द्वारा संस्थान के स्थापना मास के उपलक्ष्य में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में आज बुधवार, 26 अप्रैल 2023 से एक 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया है । इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल सचिंद्र कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग सभी के लिए अत्यावश्यक है । केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए योग शिक्षा पर बहुत बल दिया जा रहा है । इस समय योग विषय में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं । उन्होंने विद्यार्थियों से आवाहन किया कि भारतीय योग संस्थान द्वारा लगाए जा रहे हैं इस शिविर का सभी विद्यार्थी भरपूर लाभ उठाएं । शिविर के पहले दिन आज ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को योग का अर्थ, इसका प्राचीन इतिहास और वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता के बारे में बताया।

## 'भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता दुखी'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता दुखी है। आज देश व प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर है। हर चीज आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। वे कांग्रेस पार्टी से जुड़े नए कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकताओं का किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निशी गुप्ता ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।



उन्होंने सभी कार्यकताओं को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकताओं का पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री सत्या, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश, प्रदेश महासचिव रेणू मौजूद रहे। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा जजपा गठबंधन सरकार से निजात पाने के लिए चुनाव का इंतजार कर रही है और प्रदेश में कांग्रेस के हाथों में सत्ता सौंपने का मन बनाकर बैठी है। सोमती देवी, सुमन, सीता रानी, प्रेमा देवी, कांता, ज्योतसना, वीना, सिम्मी, बिमला, लता रानी, राजविंद्र कौर, रीना रानी, सिमरन, सरोज, किरण, विजय, वंश, अमित, नितिन सिंह, दुर्गेश, राजेश फौजी, शंभु, पूजा, अंजली, फूलन देवी, सीमा, खुशी, अंजली देवी, पूजा रानी, वंदना देवी, काजल, सुरिंद्र कौर, शीतल रानी व कोमल शामिल रहे।

## अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित होगा नाट्य उत्सव-2023

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणवी थियेटर फेस्टिवल के तहत हरियाणवी नाट्य उत्सव-2023 का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई 2023 है। आवेदक आवेदन पत्र कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की वेबसाइट आर्टएंडकल्चरलअफेयर्सएचआर वाई.जीओवी.इन से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस नाट्य उत्सव-2023 में नाटक हरियाणवी भाषा में होना अनिवार्य है। नाटक की पूर्ण अवधी न्यूनतम 45 मिनट और अधिकतम 1 घंटे की होनी चाहिए। आवेदन में नाटक का पूर्ण विवरण, जिसमें नाटक की विषय-वस्तु, निर्देशक के बारे में, लेखक के बारे में, तथा कुल कलाकारों की संख्या का उल्लेख किया गया हो। उत्सव में भाग लेने वाले रंगकर्मियों को उनके नाटक की प्रस्तुति की तिथि, समय व स्थान दूरभाष पर सूचित किया जाएगा।

## हॉकी चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर अमितोज हुए सम्मानित

### कुरुक्षेत्र की टीम में डीएवी स्कूल के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अमितोज ने भी एक सदस्य के रूप में भाग लिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
डीएवी स्कूल की प्रिंसीपल गीतिका जसूजा ने कहा कि डीएवी स्कूल के विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन करके कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। अब डीएवी स्कूल 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अमितोज सिंह ने कुरुक्षेत्र की सब जूनियर हॉकी टीम की तरफ से खेला और कुरुक्षेत्र की टीम में राज्य स्तरीय कुरुक्षेत्र की टीम में दूसरा स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है।
प्रिंसीपल गीतिका जसूजा बुधवार को स्कूल में आयोजित एक सम्मान समारोह में बोल रही थी। इससे पहले स्कूल की प्रिंसीपल गीतिका



जूसजा, डीपीआई राजेश सहारण, पीटीआई विरेन्द्र सिंह ने 10वीं कक्षा के विद्यार्थी और कुरुक्षेत्र सब जूनियर हॉकी टीम के सदस्य अमितोज सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस स्कूल के विद्यार्थी समय-समय पर हर प्रकार के खेलों की प्रतियोगिताओं में भाग लेते है। इस स्कूल के खिलाडी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेलों में भाग लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। इन खिलाडियों को स्कूल की तरफ से हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के साथ-साथ समय-समय पर प्रोत्साहित भी किया जाता है।

**8 अब डीएवी स्कूल 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अमितोज सिंह ने कुरुक्षेत्र की सब जूनियर हॉकी टीम की तरफ से खेला था**

स्कूल के पीटीआई विरेन्द्र सिंह ने कहा कि हॉकी हरियाणा की तरफ से 15 से 20 अप्रैल को हिसार में सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 22 जिलों की टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की टीम ने सेमिफाइनल में सोनीपत की टीम को 1-0 से हराया और फाइनल में जींद से 3-2 से हार मिली। इस कुरुक्षेत्र की टीम में डीएवी स्कूल के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी अमितोज ने भी एक सदस्य के रूप में भाग लिया। इस जीत पर हॉकी हरियाणा के चीफ चयनकर्ता गुरविन्द्र सिंह, हॉकी प्रशिक्षक विरेन्द्र सिंह, सोहन लाल, हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर ने भी बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के आरोपी व साजिश में शामिल उसकी महिला मित्र को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस ने चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की घटना में संलिप्त आरोपी व उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जगदीश पुत्र हरीश निवासी गीता कॉलोनी, गोहाना जिला सोनीपत व महिला आरोपी जिला सोनीपत की रहने वाली है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 23 अप्रैल को जगदीश पुत्र श्री हरिचन्द निवासी गीता कालोनी गोहाना ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी कि दिनांक 22/23 की रात को मेरे को बाहर से कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी जिस पर मैने बाहर निकलकर देखा तो मेरा सुटकेश पश्चिमी दिवार के पास बाथरूम के पास गिरी मिली तथा सुटकेश खुला पडा था और आभूषणो के कवर खाली पडे थे तथा मैने दिवार के उपर से झाककर देखा तो कुछ आभुषणो के कवर पडे थे फिर मैने अपने मकान के अन्दर आकर देखा तो दोनो कमरो की आलमारीया खुली मिली और सारा सामान बिखरा पडा था चैक करने पर मेरे निम्नलिखित आभुषण चोरी हुए मिले झ्र 4 अँगुठी सोना लेडिज, 5 अंगुठी सोना जैन्टस, 2 चैन सोना, चार जोडी कानो के टोपस सोना झुमके के साथ, 2 जोडी बाली सोना, गुजनी सोना एक जोडी, 1 पतरी सोना, एक पंजाबी गण्ठी सोना, 3 हार गला सोना, एक टीका सोना, 2 कडे सोना, एक औम सोना, 4 जोडी पाजेब चान्दी, 6 जोडी चुटकी चान्दी, 52 सिक्के चान्दी जो मेरे ये खुद के जेवर है इसके अतिरीक्त मेरी लडकी शशी कुमारी (अन्जू) जो शादी शुदा है और मेरे पास ही रहती है के जेवर जो इनके साथ ही चोरी हुए है जो निम्न है 2 लेडिज अंगुठी सोना, 1 पुखराज नग सोना, 2 चैन एक लेडिज एक जैन्टस सोना, 1 कृष्ण जी का लाकेट सोना, 1 जोडी झुमका सोना, 1 हार सैट गला सोना, चार जोडी कानो के टोपस सोना, 2 कडे सोना, एक जोडी बाली सोना, एक टीका सोना, एक अंगुठी चान्दी, एक चान्दी का हार, चार जोडी पाजेब चान्दी व तीन जोडी चुटकी चान्दी की कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी कर ले गया।

# 'वर्षा का पानी संग्रह करने के सिस्टम खड़े करने होंगे'

## पानी की उपलब्धता, मांग और पूर्ति हेतू पानी के समुचित उपयोग की ओर ध्यान देने की आवश्यकता, हरियाणा के पास प्राकृतिक रूप से पानी का स्त्रोत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि आज के समय में पानी की उपलब्धता, मांग और पूर्ति हेतू जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन सहित पानी के समुचित उपयोग की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। हम सभी का दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हमें विरासत में हमारे पूर्वजों ने पानी दिया है, उसी प्रकार हम भी आने वाले पीढ़ियों को विरासत में जल दें। इसके लिए पानी बचाना ही एकमात्र उपाय है और यह जन भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। इसलिए सरकार के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें सहयोग करना होगा और अपने अपने स्तर पर पानी बचाने की मुहिम को मिशन मोड में लेना होगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित 2 दिवसीय जल संगोष्ठी - अमृत जल क्रांति के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।



**मुख्यमंत्री ने किसानों के मसीहा और किसानों की चिंता करने वाले सरदार प्रकाश सिंह बादल को समर्पित किया वॉटर कॉन्क्लेवः** मनोहर लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि संयोग से यह संगोष्ठी उस समय हो रही है, जब किसानों के मसीहा और उनकी चिंता करने वाले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल हमारे बीच नहीं रहे। वे सदैव किसानों की बात करते थे। पिछले वर्ष जब मैं उनसे मिलने अस्पताल गया था, उस समय भी उन्होंने मुझसे किसानों का ध्यान रखने की बात कही थी। ऐसे व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देते हुए यह जल संगोष्ठी उन्हें समर्पित है।

**हरियाणा के पास प्राकृतिक रूप से कोई पानी का स्त्रोत नहीं, पानी का संग्रहण कर हमें भविष्य के लिए सहेजना होगाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के पास प्राकृतिक रूप से कोई पानी का स्त्रोत नहीं, पानी का संग्रहण कर हमें भविष्य के लिए सहेजना होगा। हरियाणा में केवल वर्षा का पानी और पहाड़ों से प्राकृतिक तौर पर प्रवाहित होने वाला पानी ही हमारा मुख्य स्त्रोत है। हरियाणा में यदि वर्षा की बात की जाए तो यहां 5 इंच यानी 150 मिलीमीटर औसतन वर्षा होती है। इसके अलावा, यमुना नदी से पानी की पूर्ति होती है। सतलुज-रावी-ब्यास का पानी भाखड़ा डैम के माध्यम से हमें मिलता है। 3.5 एमएएफ पानी एसवाईएल के कारण हमें नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में हरियाणा में पानी की उपलब्धता 20 एमएएफ है, जबकि मांग 34 एमएएफ है। इस 14 एमएएफ के अंतराल को पूरा करना हमारे लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि यदि पानी के उपयोग के अनुसार देखा जाए तो सबसे बड़ा हितधारक किसान है, क्योंकि अधिकांश पानी सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, उद्योगों तथा घरों में भी पीने के अलावा अन्य कार्यों में पानी की अधिकतर खपत होती है। लेकिन पानी बहुत ही सीमित मात्रा में है। आज प्रदेश के 85 ब्लॉक डार्क जोन में आ गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की मांग और उपलब्धता के अंतराल को पूरा करने के लिए वर्षा के पानी का संग्रह करने के सिस्टम खड़े करने होंगे। इसके अलावा, रिजरवायर, तालाबों और झीलों की क्षमताएं बढ़ानी होगी तथा भूजल रिचार्जिंग पर भी काम करना होगा।

### रिड्यूस, रीसाइकिल और रीयूज की अवधारणा को अपनाने की आवश्यकता

**मनोहर** लाल ने कहा कि पानी के संग्रह के साथ-साथ उसके प्रबंधन के लिए काम करने की आवश्यकता है और वर्तमान समय में पानी की मांग को पूरा करने के लिए थ्री- आर यानी रिड्यूस, रीसाइकिल और रीयूज की अवधारणा को अपनाने की आवश्यकता है। इसलिए अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि ट्रीटेड वॉटर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 200 एसटीपी और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं, जिनमें से लगभग 1800 एमएलडी पानी का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, एचएसवीपी द्वारा विकसित सेक्टरों में एक नया प्रयोग शुरू किया गया है।

### 'ट्रीटेड वॉटर को पीने योग्य बनाने की दिशा में बढ़ाने होंगे कदम'

**मुख्यमंत्री** ने सिंगापुर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पर ट्रीटेड वाटर पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, जबकि हम अभी सिंचाई तथा अन्य उपयोगों के लिए ही ट्रीटेड वॉटर का उपयोग कर रहे हैं। हमें भी नई-नई तकनीकों का अध्ययन करें इस दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, पानी की मांग और उसके उपयोग को रेगुलेट करने के साथ-साथ इसके इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना होगा तभी हम पानी को बचाने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति, इसके प्रबंधन तथा पानी की चोरी रोकने के लिए आरटीडास सिस्टम लगाए जा रहे हैं। अब तक 180 आरटीडास लगाए जा चुके हैं, जिससे विभाग द्वारा यह निगरानी रखी जा रही है कि किस स्थान से कितना पानी छोड़ा जा रहा है और अगले स्थान पर उतना पानी पहुंच रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा भूजल की गहराई का पता लगाने के लिए 1700 पिजो मीटर लगाए जा चुके हैं। लेकिन भूजल दोहन तथा इसके उपयोग की भी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा 6 माह या साल भर में भूजल का आकलन किया जाना चाहिए।

जल संगोष्ठी में हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्राधिकरण द्वारा प्रदेशभर में किए गए भू जल की गहराई का आकलन, पानी की उपलब्धता, उसके उपयोग तथा पानी के गैप को पूरा करने की विधियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पानी को बचाने के लिए विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार कर ली गई है और इस 2 दिन की जल संगोष्ठी में विभागों द्वारा तैयार कार्य योजना, जल संचयन और पानी के उचित उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। जल संगोष्ठी में नेशनल वाटर मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती अर्चना वर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जल संरक्षण के लिए प्रयासरत हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति किसी विषय को लेकर मजबूती से आगे बढ़ती है तो वह कार्य अवश्य निश्चित तौर पर सफल होता है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देना समय की जरूरत है, क्योंकि इससे पानी की बचत होती है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सरदार प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।

## 29,652 मिड-डे मील कुक हेल्पर का मानदेय किया जारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने मिड-डे मील योजना के तहत स्कूलों में कार्यरत 29652 कुक कम हेल्पर का मानदेय जारी करने के लिए सभी जिला प्राथमिक अधिकारियों (डीईओ) को बजट आवंटित किया है। डीईओ को 7000 रुपए प्रतिमाह की दर से मानदेय तत्काल जारी करने के निर्देश दिये गये है। यह कुक कम हेल्पर लगभग 16 लाख विद्यार्थियों को मध्याह्न का भोजन परोस रहे हैं। यह जानकारी देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने बताया कि वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुक कम हेल्पर के मानदेय की राशि बढ़ाकर 3500 से 7000 रुपए कर दी है। राज्य सरकार कुक कम हेल्पर को राजकोष से 6400 रुपए प्रतिमाह दे रही है और केंद्र सरकार द्वारा 600 रुपए का योगदान दिया जाता है।

## नैतिक शिक्षा हो दैनिक शिक्षा का हिस्साः सीएम

### मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एनसीएफ को लेकर की अहम बैठक, मुख्यमंत्री ने स्वयं स्कूली पाठ्यक्रम की करी समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि आज के समय में नैतिक शिक्षा को दैनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे बचपन से ही ज्ञानवान बनने के साथ साथ संस्कारवान भी बनें। इसी दिशा में मुख्यमंत्री ने आज पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 (एनसीएफ) को लेकर एक अहम बैठक की। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने स्वयं स्कूली पाठ्यक्रम को देखा और अधिकारियों से किस - किस विषय के लिए कितना समय



सुनिश्चित किया जाए, इस बारे में भी विस्तार से चर्चा की, ताकि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 के अनुसार बच्चों का चरित्र निर्माण भी किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बढ़ते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने तथा ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पीएम-योजना के तहत प्रदेश में पीएम-स्कूल स्थापित करने की दिशा में भी कार्य योजना तैयार कर जल्द उसे क्रियान्वित किया जाए।


> 8 राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। आज हरियाणा शिक्षा क्षेत्र में कहीं भी पीछे नहीं है।

**शिक्षा के क्षेत्र में किए सरकार ने किए आमूलचूल परिवर्तनः** मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पांच एस यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वाभिमान के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। आज हरियाणा शिक्षा क्षेत्र में कहीं भी पीछे नहीं है।

## योगेश्वर दत्त ने बबीता-विनेश के आरोपों को नकारा

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**दिल्ली के जं**तर मंतर पर बैठे पहलवानों के धरने को लेकर विनेश फोगाट और बबीता फोगाट के आरोपों पर जांच कमेटी के सदस्य और ओलंपिक मेडल विजेता योगेश्वर दत्त ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने वीडियोग्राफी के द्वारा सभी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट तैयार कर दी गई थी। उसमें कोई कमी की गुंजाइश नहीं रखी गई थी। सभी 6 सदस्यों को रिपोर्ट पढ़ने को दी गई। उसके बाद सब ने साइन किए। कमेटी के सामने कोई उत्पीड़न की बात नहीं आई। अभी सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान भी लिया और अगले शुक्रवार को सुनवाई होगी। जो भी दोषी है उसे सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी की बिना अनुमति के साइन या दबाव बनाने की कोई बात नहीं हुई। ना ही उनके सामने किसी से बदतमीजी हुई। बबीता फोगाट अंतिम दिन साइन वाले दिन नहीं पहुंची थी, जबकि साइन वाले दिन से पहले सभी को मेल





कर दिया गया था। वे इस तरह बयान क्यों दे रही, इस बारे में खुद ही कुछ बता सकती है।

**विनेश का आरोप- एक हजार लड़कियों से हुआ शोषणः** विनेश फोगाट ने कहा, 'मैं आपको 100 बताऊं, 200 बताऊं, 500 बताऊं, 700 बताऊं, 1000 बताऊं, जितनी भी बताऊं मुझे तो कम लगती है, क्योंकि 12 साल से हमने इसका अत्याचार देखा है कि कितना हुआ है। कोई एक लड़की ही कुश्ती में इसने ऐसी छोड़ी होगी, जिसके साथ इसने बदतमीजी या सेक्शुअल हैरेसमेंट करने की कोशिश न की हो।' उन्होंने आरोप लगाया, 'मुश्किल से ही कोई एक लड़की रेसलिंग में बची होगी। मैं इसकी गिनती बता नहीं सकती कि कितनों के साथ ये सब हुआ है। इस काम में ये पूरा सिस्टम जुड़ा होता है। एक अकेला आदमी कुछ नहीं करता है।

पूरा सिस्टम फॉलो अप करता है कि कौन लड़की कहां जा रही है और कहां से है। उनका मोबाइल नंबर निकालना है, उनसे बातचीत करवानी है। ये एक पूरा सिस्टम होता है, जिसके जरिए सब जाते हैं और फिर बृजभूषण की एंट्री होती है।'

## विस अध्यक्ष ने विधानसभा में विभिन्न समितियों का गठन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा में विभिन्न समितियों का गठन किया है।
हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए याचिका समिति का चेयरपर्सन विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को नामित किया गया है जबकि सदस्यों में विधायक जगबीर सिंह मलिक, गीता भुक्कल, शकुंतला खटक, लीला राम, लक्षमण सिंह यादव, संजय सिंह, राम निवास तथा सोमबीर सांगवान शामिल किये गए हैं। इनके अलावा, लोक लेखा समिति में विधायक वरुण चौधरी को चेयरपर्सन तथा सदयों में विधायक सीमा त्रिखा, राम कुमार कश्यप , नरेंद्र गुप्ता, भव्य बिश्नोई, अमित सिहाग, सुरेंद्र पंवार, जोगी राम सिहाग व रणधीर सिंह गोलन शामिल हैं।
विधानसभा की नियम समिति में विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को पदेन चेयरपर्सन तथा सदस्यों में विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा , श्रीमती किरण चौधरी, गीता भुक्कल, घनश्याम दास अरोड़ा, डॉ अभय सिंह याद , नैना सिंह चौटाला व सुधीर कुमार सिंगला शामिल हैं।इसी प्रकार ,अधीनस्थ विधान समिति में विधायक ईश्वर सिंह को सभापति तथा सदस्यों में विधायक जगबीर सिंह मलिक , अभय सिंह चौटाला , जयबीर सिंह , डॉ अभय सिंह यादव , बिशम्बर सिंह , अमित सिहाग , इंदुराज व हरियाणा के महाधिवक्ता को और विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## वर्कर व हेल्परों ने आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर सचिवालय में किया प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
प्रदेश सरकार की कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कैथल की आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्परों ने अपने आंगनबाड़ी केंद्र बंद करके आंगनबाड़ी वर्कर एंड हैल्पर यूनियन की जिला प्रधान कमला दयोरा के नेतृत्व में जिला सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया और मांगों बारे ज्ञापन जिला उपायुक्त कैथल एवं एसडीएम को सौंपा गया। जिला प्रधान कमला दयौरा ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर व हैल्पर पिछले 47 साल से नन्हें बच्चों व माताओं की सेवा कर रही हैं और नन्हें बच्चों को प्री-स्कूली शिक्षा भी प्रदान करने का कार्य पूरी निष्ठा से मामूली मानदेय पर कर रही हैं। आंगनवाड़ी वर्कर और हैल्पर्स पर सिर्फ और सिर्फ काम का ही दबाव है। विभाग व अधिकारी जिम्मेदारियों को हमारे ऊपर लादते जा रहे हैं और हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसलिए आज हमें मजबूर होकर संघर्ष करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि मीनू के अनुसार समय पर राशन नहीं आता है। खाना



बनाने के लिए ईंधन के लिए गैस सिलेंडर नहीं है। बताएं कि बिना ईंधन के खाना कैसे पकेगा। पिछले 4 साल से वर्दी भत्ता नहीं दिया गया है। हमें बहुत परेशान किया जा रहा है, लेकिन समस्या निवारण के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।
मानदेय भी समय पर नहीं दिया जाता है। बहुत सारे आंगनवाड़ी केंद्र जो किराए पर चल रहे हैं उनका किराया भी नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा अन्य वक्ताओं जिला उप्रधान सुनीता भुक्कल, सुनिता धीमान नीलम, जोशीला रानी, निशा, अंग्रेजो आदि ने भी कहा कि भाजपा सरकार आंगनबाड़ी सेंटर बंद करना चाहती है इसलिए तरह-तरह की चाल चल रही है। सरकार ही बताए कि यह कैसे संभव है कि एक ही आयु के बच्चे और एक ही समय में आंगनबाड़ी सेंटर में भी जाएं और बाल वाटिका में भी। शकुंतला, सुदेश, मंजीत कौर, राजबाला, मीना व राजरानी ने कहा कि मौजूदा मोदी व खट्टर सरकार की अपनी जनविरोधी सोच के चलते बाल वाटिका की आड़ में आंगनबाड़ी सेंटर्स को बंद करके गरीब मां-बच्चों को पोषण की व्यवस्था से मरहूम करना चाहती है।

## 'पंजाब की राजनीति में प्रकाश सिंह बादल का अहम स्थान'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने देश के सबसे अनुभवी और वयोवृद्ध राजनेता, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल के परलोक गमन से भारतीय राजनीति के एक ऐसे युग का अंत हो गया जिसने देश की आजादी से लेकर इक्कीसवीं सदी तक भारत को बनते और बदलते देखा। उनका आम लोगों से घुल मिल जाने का गुण उन्हें अलग राजनेता के तौर पर स्थापित करता था। उन्होने कहा कि वे गाँव की राजनीति से शुरूआत करने वाले प्रकाश सिंह बादल पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने। वे अंतिम सांस तक राजनीति में सक्रिय रहे।

## सेक्सटॉर्शनः गुरुग्राम में दंपती का हनीट्रैप गिरोह पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** के गुरुग्राम में पुलिस ने हनीट्रैप (सेक्सटॉर्शन) रैकेट चलाने वाला गिरोह पकड़ा है। पुलिस ने पति-पत्नी सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक ट्रांसपोर्टर को पहले अपने जाल में फंसाया और फिर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करते हुए 60 लाख रुपए कैश, घर का फर्नीचर, क्रेटा गाड़ी तक वसूल ली। आरोपी यहीं नहीं रूके और 30 लाख रुपए की डिमांड ओर कर दी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को धर दबोचा।

**खुद को तलाकशुदा बताकर दोस्ती कीः** पुलिस की गिरफ्त में आई पिंकी नाम की महिला



काफी शातिर है। उसने खुद को तलाकशुदा बता सोशल मीडिया के जरिए पहले एक ट्रांसपोर्टर से दोस्ती की और फिर मिलने के बहाने अपने घर बुलाया। आरोप है कि ट्रांसपोर्टर को नशे में कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो के बाद पिंकी ने अपने पति के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टर को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। 31 साल की आरोपी महिला पिंकी ने ये पूरा रैकेट चलाया हुआ था। रैकेट में उसका पति तरुण भी शामिल था।

**बहकाने के लिए करते थे ड्राई फ्रूट का कारोबारः** गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला पिंकी कुछ समय पहले तक एक बैंक में नौकरी करती थी। लेकिन उसके सपने काफी बड़े थे। आलीशान जिदंगी जीने के लिए उसने पति के साथ हनीट्रैप रैकेट चलाना शुरू कर दिया। लोगों की नजरों से बचने के लिए दोनों ने अपने एक और साथी को मिलाया और ड्राई फ्रूट बेचने की कंपनी बनाई। लेकिन असली काम ड्राई फ्रूट बेचना नहीं, बल्कि तीनों सेक्सटॉर्शन का काम करते थे। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ट्रांसपोर्टर से 60 लाख नकद, घर का फर्नीचर, काफी ज्वेलरी व क्रेटा गाड़ी वसूल चुके थे।

**पैसे की डिमांड बढ़ी तो पुलिस के पास पहुंचा ट्रांसपोर्टरः** तीनों आरोपियों ट्रांसपोर्टर से लाखों रुपए नकद व सामान लेने के बाद भी नहीं रुके। इनकी डिमांड लगातार बढ़ रही थी और एक बार फिर ट्रांसपोर्टर से 30 लाख नकदी की डिमांड कर दी, लेकिन इस बार ट्रांसपोर्टर ने पैसे देने की बजाय गुरुग्राम पुलिस से संपर्क कर तीनों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए महिला पुलिसकर्मी के साथ मिलकर जाल बिछाया और फिर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत जिलेभर में की गई नाकेबंदी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस महानिदेश** के निदेर्शानुसार आज सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक पुलिस द्वारा जिलेभर में पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिला पुलिस द्वारा आज पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत जिलेभर में नाकाबंदी की गई व विभिन्न थाना क्षेत्रों में गस्त की गई। इस दौरान जिला पुलिस द्वारा जिले में भर में कुल 21 जगह पर नाकाबंदी की गई और 74 पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चैकिंग व गशत की गई। इस दौरान जिला करनाल की पर्यवेक्षण अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पा खत्री, डीएसपी मुख्यालय मुकेश कुमार, डीएसपी शहर बीर सिंह, डीएसपी करनाल-2 गौरव फोगाट व डीएसपी घरौंडा मनोज कुमार भी फील्ड में मौजूद रहे और करीब 300 पुलिस कर्मचारी इस पुलिस उपस्थिति दिवस में तैनात रहे। पुलिस उपस्थिति दिवस का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना व शरारती तत्वों के मन में भय उत्पन्न करना है। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा शहर के या अपराध घटित होने की संभावित जगहों पर पैदल गशत की गई। संदिग्ध लोगों से बारिकी से पूछताछ की गई। पुलिस ने इस दौरान जनसम्पर्क अभियान चलाकर आमजन से रूबरू होते हुए पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराते हुए सुरक्षा का एहसास करवाया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का मकसद पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के नारे को चरितार्थ करना है। जनता को विश्वास दिलाना है कि पुलिस सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उपस्थिति दिवस के दौरान नाकाबंदी व पैट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखना, नशा तस्करी पर रोक लगाना, अवैध असला रखने वाले अपराधियों को पकडना, वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना सहित वाहनों की जांच करना व समय-समय पर घटित होने वाले विभिन्न प्रवृति के अपराधों पर रोक लगाना जिला पुलिस का मुख्य लक्ष्य है। इसके अलावा अवैध पार्किंग रोकना, स्थानीय अपराधियों की जांच करना, यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियान समय-समय पर नियमित तौर पर चलाए जाते हैं और भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# पहले से निकाले गए ड्रा सहित प्लॉटों की संख्या हुई 141 : अरूण

## पिंगली स्थित डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर 29 डेयरी प्लॉटों का नगर निगम ने निकाला ड्रा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पिंगली स्थित** नगर निगम के डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर बुधवार को डेयरी का व्यवसाय करने वाले 30 नए आवेदनकर्ताओं के लिए भिन्न-भिन्न आकार के प्लॉटों का ड्रा निकाला गया। इनमें 29 डेयरी व्यवसायियों को निकाले गए प्लॉटो के नम्बर दिए गए, एक व्यवसायी ने नाम वापिस ले लिया। ड्रा की कार्रवाई उप निगमायुक्त अरूण भार्गव की देखरेख में सम्पन्न हुई। करीब 12 बजे ड्रा की कार्रवाई शुरू हो गई थी, जो 2 बजे तक चली। जिन प्लॉटो का आज ड्रा निकाला गया, वह सभी डेयरी शिफ्टिंग स्थल पर मौजूद सडक की दायीं ओर के एरिया ब्लॉक-ए से सम्बंधित थे।
ड्रा से पहले मौजूद सभी डेयरी व्यवसायियों की उपस्थिति के हस्ताक्षर लिए गए। दो पारदर्शी डिब्बे रखे गए थे, एक में प्लॉट नम्बर तथा दूसरे में निगम कर्मचारियों की ओर से आवेदनकताओं के नाम की पर्चियां डाली गई थी। मौके पर मौजूद डेयरी व्यवसायियों के हाथों से एक-एक करके पर्ची निकाली गई और तदानुसार प्लॉट नम्बर दिया गया। ड्रा से



पहले वहां मौजूद सभी लोगों को दो बार नियम व शर्तें बताई गई, जिनमें बताया गया कि यह ड्रा 22 छोटे प्लॉटों का है, जो 249, 250, 257 तथा 260 वर्ग गज के आकार के हैं। इसी प्रकार 8 बड़े यानि 398 वर्ग गज आकार के प्लॉटों की भी जानकारी दी गई। इस तरह सारी कार्रवाई शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

इन आवेदनकताओं का हुआ ड्रा- जो आवेदनकर्ता आज ड्रा में सफल रहे, उनमें जसप्रीत सिंह, संदीप, संदीप कुमार पुत्र हुकुम सिंह तथा नवीन लाठर को 249 वर्ग गज का प्लॉट मिलेगा। इसी प्रकार सुभाष गिरोत्रा को 250 वर्ग गज का एक प्लॉट मिलेगा। जबकि मदन लाल, राज पाल व मनोज को 257 वर्ग

**8 250 वर्ग गज तथा 26 से 50 पशु रखने वाले व्यक्तियों को 500 वर्ग गज तक के प्लॉट ड्रॉ के माध्यम से अलॉट किए जाने का प्रावधान किया गया है**

गज के 3 प्लॉट अलॉट होंगे। इसके अतिरिक्त अमरजीत कौर, सोनिया, गोविंद, विरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र सिंह, मामू राम, सुमन, देशराज, साधू राम, जोगिन्द्र सिंह, विद्या रानी, हितेश तथा बीर सिंह, 14 आवेदनकताओं को 260 वर्ग गज आकार के प्लॉट मिलेंगे। जबकि ड्रॉ में शामिल मोहन लाल, सतीश कुमार, केशव ललित, सुभाष राणा, नवीन कुमार, राजकिशन व जसप्रीत सिंह सहित 7 आवेदनकताओं के लिए 398 वर्ग गज प्लॉटों का ड्रा निकाला गया।
बता दें कि अलग-अलग आकार के प्लॉट पशुओं की संख्या के आधार पर बनाए गए हैं। नगर निगम की टीम ने शहर में मौजूद डेयरियों में जाकर पशुओं की संख्या का सर्वे किया था। गौर यह भी है कि प्लॉट की फाईनल अलॉटमेंट आवेदनकर्ता द्वारा नियम व शर्तों अनुसार प्लॉट की सारी कीमत चुकाकर उसकी रजिस्ट्री करवाने के बाद ही सम्पन्न होगी।
उप निगमायुक्त ने बताया कि 5 से 15 पशु रखने वाले व्यक्तियों के लिए 250 वर्ग गज तथा 26 से 50 पशु रखने वाले व्यक्तियों को 500 वर्ग गज तक के प्लॉट ड्रॉ के माध्यम से अलॉट किए जाने का प्रावधान किया गया है। प्लॉटों की कीमत 4 हजार रुपए वर्ग गज तय की गई है, जो घट-बढ़ भी सकती है। कोने वाले प्लॉट की 10 प्रतिशत राशि अलग से आवेदनकर्ता को देनी होगी। अलॉट किए गए प्लॉट की कुल कीमत का 20 प्रतिशत, अलॉटमेंट पत्र जारी होने के 30 दिनो के अंदर-अंदर जमा करवाना होगा तथा बकाया 80 प्रतिशत राशि 10 छमाही किस्तों में बिना ब्याज के जमा करवानी होगी। आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन के साथ जो 30 हजार रुपए की धरोहर राशि दी गई थी, वह प्लॉट की पहली किस्त में एडजस्ट यानि समायोजित कर दी जाएगी।

## बिजली मंत्री ने नगर परिषद के जेई को किया सस्पेंड

**नारनौल/संतोष यादव**
**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक ली। इस बैठक में पहले से ही निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। बैठक शुरू होने से पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दो मिनट का मौन धारण किया गया।
एक शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बिजली मंत्री ने नगर परिषद के जेई को सस्पेंड करने के आदेश दिए। बिजली मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार के लिए जनता पहली प्राथमिकता है। कोई अधिकारी अगर आमजन को अच्छी सेवाएं नहीं देगा तो उसके खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
गांव हमीदपुर की मीना यादव की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी की जमीन पर बनी अवैध दीवार को ढहाया जाए।

## भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** मजदूर संघ हरियाणा के बैनर तले मजदूर यूनियनों ने आज शहर में सडकों पर उतरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए सभी मजदूर यूनियन के लोग जिला सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम जिला समाज कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।
बता दें कि आज प्रदेशभर में अखिल भारतीय मजदूर संघ के आह्वान सभी मजदूर यूनियनों द्वारा जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। करनाल में इस प्रदर्शन की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा की गई। उनकी अगुवाई में करनाल में प्रदर्शन कर प्रशासनिक



अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम अधिवेशन में पास गए 4 प्रस्तावों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि बीती 7 से 9 अप्रैल तक भारतीय मजदूर संघ का 20वां त्रिवार्षिक अधिवेशन पटना बिहार में हुआ था। इस अधिवेशन में 4 प्रस्ताव पास किया था। उन प्रस्तावों को लेकर 26 अप्रैल यानी आज के दिन एक दिवसीय जिला मुख्यालय धरना देकर प्रस्ताव की कॉपी प्रधानमंत्री को भेजनी थी। उसी कड़ी में आज करनाल में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया है। अशोक शर्मा ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ द्वारा अधिवेशन में जो 4 प्रस्ताव पास किए हैं, उनमें पहला न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी देने, आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनाने, सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने एवं ठेका प्रथा बंद करने सहित प्रस्ताव पास किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी एवं ग्राम साथियों को स्थाई करने जैसे प्रस्ताव पास किए गए। अगर समय रहते उनकी यह मांगें नहीं मानी गई तो आने वाले समय उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
आरोपियों के कब्जे से चुराई गई एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।
पुलिस टीम द्वारा गत दिवस दो आरोपियों सन्टी उर्फ मिढा पुत्र गुरबाज सिंह वासी असंध व सन्नी उर्फ बच्ची पुत्र स्व. लालाराम वासी कबीरपुर सोनीपत हाल असंध जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की




एक मोटरसाईकिल सहित असंध के एरिया से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह नशा करने के आदी हैं और नशा पूर्ति के लिए मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।
पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी सन्टी के खिलाफ पहले एक मामला शस्त्र अधिनियम के तहत थाना असंध में दर्ज है। इस मामले में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा था। आरोपी सन्नी के खिलाफ पहले मोटरसाईकिल चोरी का एक मामला सफीदो जिला जींद में दर्ज है। इस मामले में आरोपी सजा काटकर जेल से बाहर आया हुआ था।

## भूतपूर्व सैनिक संघर्ष कमेटी का गठन, बलजीत सिंह रंगा बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला** अम्बाला के भूतपूर्व जेसीओ जवानों की मीटिंग सरदार बलजीत सिंह रंगा की अध्यक्षता में हुई जिसमे जिसमे सैंकड़ों जवानों ने भाग लिया। सभी साथियों ने मिलाकर भूतपूर्व सैनिक संघर्ष कमेटी की टीम को चुना सरदार बलजीत सिंह रंगा जिला अध्यक्ष, सुबेदार मेजर अवतार सिंह को उपाध्यक्ष, सुबेदार मेजर वेद प्रकाश सैनी को सचिव, सुबेदार मेजर बलकार सिंह को सेक्रेटरी, कैप्टन अमरजीत को कैशियर, कैप्टन हरमेल सिंह को मीडिया कॉर्डिनेटर, फ्लाई लेफ्ट मेहर सिंह को मुख्य सलाहकार , नायक वरिंदर सिंह को प्रवक्ता, सुबेदार बलदेव सिंह को मेंबर बनाया गया।

## गांव भूसली में दामाद ने जलाया ससुर का घर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव भूसली में दामाद ने अपनी ही ससुराल के मकान में पेट्रोल छिडककर आग लगा दी। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गांव भूसली निवासी सुमन ने बताया कि वह तीन साल से किराए के मकान में रह रहे हैं, जिसमें उसके तीन बेटे, एक बहू, पोते-पोती व पति रहते हैं। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके दामाद ने तेल छिडक कर घर में आग लगाई है। इस आग में सब कुछ जलकर राख हो गया। आग के कारण मकान की छत में लगी कडि?ां भी जल गई हैं, जिनके टूटने से छत गिर गई।
भूसली गांव की सुमन ने अपने दामाद बीरभान पर ही आग लगाने का आरोप लगाया है। बीरभान संतोड़ा गांव का रहने वाला है, जिसकी शादी करीब 7 साल पहले हुई थी। आरोप यह भी है कि दामाद उनकी बेटी परनिशा के साथ मारपीट करता था और अपने मायके से पैसे लाने का दबाव बनाता था। इतना ही नहीं बीरभान शराब पीने का भी आदी है और शराब के नशे में ही वह उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। सुमन का कहना है कि उनका दामाद



करीब 11 बजे आया था और उस समय उनकी बहू व पोते-पोती ही घर पर थे, जबकि वे काम पर गई हुई थीं। वह पेट्रोल लेकर आया था और घर में घुसकर आग लगा दी। उनकी बहू व पोते-पोतियों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई। सुमन ने आरोप लगाया है कि उसका दामाद उनकी बेटी को मारने के लिए ही आया था, लेकिन उनकी बेटी अपनी बुआ के घर गई हुई है। आगजनी की सूचना उसे दे दी गई है और वह वहां से आ रही है। इस आगजनी में उसका सबकुछ जल चुका है। मकान मालिक को देने के लिए रखे 10-12 हजार रुपए भी जल चुके हैं। आग काफी ज्यादा भयंकर थी। सामान तो जला ही साथ ही कडियां भी कमजोर हो गईं और मकान की छत धड़ाम से नीचे आ गिरी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों पति पत्नी के बीच कोई आपसी विवाद चल रहा था, जिसके कारण यह पूरा घटनाक्रम हुआ।

## सीएम सिटी में बढ़ते क्राइम को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली रोष रैली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीएम सिटी** में बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए रोष जाहिर किया। कांग्रेस नेता सोई हुई सरकार है, चोरों की भरमार है, के स्लोगन को हाथ में लेकर प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे, जहां एएसपी पुष्पा खत्री को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सीएम सिटी करनाल में लगातार चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में करनाल में कई बड़ी चोरियां हुई हैं। उसके बाद भी करनाल पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। चोर बड़ी



वारदात को अंजाम देकर रफू.-चक्कर हो जाते हैं। इसी के चलते आज कांग्रेस सडकों पर उतरी है। उन्होंने कहा कि जब सीएम सिटी करनाल में यह हाल है तो आप हिसाब लगा सकते हैं कि दूसरे जिलों में कितने चोरी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे होंगे। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि हम सरकार और पुलिस प्रशासन को जगाने का काम कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में करनाल में कई बड़ी चोरियां हुई हैं, जिनमें से एक चोरी खुद जिला प्रशासन के ई दिशा केंद्र में हुई है, जिसका सुराग अभी तक पुलिस नहीं लगा पाई है। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि शहर में अब हालत यह हो गई है कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन के भरोसे अब हम नहीं रह सकते। आने वाले दिनों में कांग्रेस द्वारा करनाल में एक हवन-यज्ञ भी कराया जाएगा, ताकि करनाल में सुख शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि बड़ी चोरियां होने के बावजूद भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## बदमाशों ने रास्ता रोककर युवक से छीने 20 हजार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव कलवेहड़ी** के नजदीक स्थित हवाई अड्डा के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक पर हमला कर 20 हजार रुपए छीन लिए। जिस स्थान पर युवक से लूट हुई, उससे कुछ दूरी पर ही डायल-112 की गाड़ी भी तैनात थी, जबकि करीब 300 मीटर की दूरी पर हवाई अड्डा के अंदर पुलिस चौकी में पुलिस कर्मी तैनात थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लबकरी गांव का रहने वाला राजू अपने काम के बाद घर लौट रहा था। उसके पास 20 हजार रुपए थे। उसने रास्ते मे अपने बच्चों के लिए आम भी खरीदे थे। जब वह हवाई अड्डे के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगा दी। जैसे ही राजू ने अपनी बाइक रोकी तो बदमाशों ने उस पर तुंरत लाठी डंडे से हमला बोल दिया और उसके पास से 20 हजार की नकदी छीनकर फरार हो गए। इस वारदात के बाद मौके पर लोग एकत्रित हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस अपनी गाड़ी में ही घायल को अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## '4 मई को मनाया जाएगा गुरु गोरखनाथ का प्रकट दिवस'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि आगामी 4 मई को करनाल में भव्य तरीके से गुरु गोरखनाथ का प्रकट दिवस मनाया जाएगा। इसका आयोजन करनाल की नई अनाज मंडी में होगा। जिला उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में बैठक के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली और सफल आयोजन के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थिति रहेंगे।
उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि महापुरुषों के विचारों को जन-जन



तक पहुंचाने और भावी पीढ़ी को महापुरुषों की जीवनी व उनकी शिक्षाओं से अवगत करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार नामक एक नई योजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री का मानना है कि ऐसे महापुरुषों की जयंतियों पर यदि हम जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं तो निश्चित रूप से आज की युवा पीढ़ी के मन में महापुरुषों के प्रति भाव जागृत होगा और अपने जीवन में उनकी शिक्षाओं को अपनाने की प्रेरणा लेंगे। इसी सोच को ध्यान में रखकर करनाल में गुरु गौरखनाथ का प्रकट दिवस मनाया जा रहा है।
उपायुक्त ने समारोह स्थल पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करवाने तथा पीने का पानी, सुलभ शौचालय का प्रबंध करवाने व श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह प्रकट दिवस सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से करवाया जाएगा। बैठक में एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, करनाल एसडीएम अनुभव मेहता, सीटीएम अमन कुमार, पीडब्लूडी एक्सईएन व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री की हर पहल से भारत हुआ सशक्त

**सबसे** पहले मैं विनम्र शब्दों में कहना चाहता हूं कि महान राजनेताओं की एक लंबी लिस्ट है, जो हमारे देश के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए। लेकिन, ऐसा लगता है कि उनमें से किसी ने भी उस रूप में पद नहीं संभाला, जैसा नरेन्द्र मोदी ने संभाला है। उन्होंने विशेषकर जनसांख्यिकी, धर्म, भूगोल, इतिहास, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, दर्शन, कला, संस्कृति आदि अलग-अलग क्षेत्रों और पहलुओं की पृष्ठभूमि में भारत को वैश्विक संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ या अद्वितीय के रूप में प्रस्तुत किया है।

भारतीय उपमहाद्वीप (अविभाजित भारत) अपनी भौतिक विशालता के लिए के साथ अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक उत्कृष्टता के लिए भी जाना जाता था। इसलिए, इससे पहले कि कोई आधुनिक भारत के नेता के रूप में मोदी की भूमिका के आयामों और कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करे, तो एक मूलभूत विचार यह होना चाहिए कि भारत दुनिया के अन्य सभी देशों से क्यों और कहां अलग है। भारत ने 'शून्य' और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है-चार वेद, चार सहायक वेद (आयुर्वेद-चिकित्सा, धनुर्वेद-शस्त्र, गंधर्ववेद- संगीत और शिल्प- वास्तुकला), पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्म शास्त्र और वेदांग, छह सहायक विज्ञान, स्वर-विज्ञान, व्याकरण, मीटर, खगोल विज्ञान, अनुष्ठान और दर्शन। आधुनिक विज्ञान शायद न्यूटन के समय से शुरू होता है। लेकिन पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना और प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया। इतिहास की शुरूआत के बाद से, अलग-अलग लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में योगदान दिया है। अकसर ऐसे तरीके से, जब बहुत लम्बी दूरी के कारण अलग रही संस्कृतियों में परस्पर संवाद-संपर्क स्थापित हुए। संवाद से जुड़ा यह प्रभाव और स्पष्ट होता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक लम्बी दूरी के बावजूद वैश्विक व्यापार और सांस्कृतिक प्रवासन को शोधकताओं द्वारा मान्यता दी जा रही है। वैसे भी, भारतीय सभ्यता में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की एक मजबूत परंपरा रही है। प्राचीन भारत में इसमें ऋषियों और संतों के साथ-साथ विद्वानों और वैज्ञानिकों की भूमि भी थी। अनुसंधान से पता चला है कि दुनिया में सबसे अच्छा स्टील बनाने से लेकर दुनिया को गिनती करना सिखाने तक, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना से सदियों पहले भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दिया था। प्राचीन भारतीयों द्वारा खोजे गए कई सिद्धांतों और तकनीकों से आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों की रचना हुई है और इन्हें मजबूती मिली है। हालांकि, भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों द्वारा किए गए विशाल और महत्वपूर्ण योगदान को नजरअंदाज किया गया है। ब्रिटिश उपनिवेशवादी इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं कर सके कि तीसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में भी भारतीय अत्यधिक सभ्य थे, जब अंग्रेज अभी भी अपनी सभ्यता के विकास की प्रक्रिया में थे।

# जनसंख्या पर नियंत्रण न लगाने में भारत नाकाम रहा है

अशोक भाटिया,

> “हमें जनसंख्या नियंत्रण पर कोई कदम उठाने से पहले चीन पर एक नजर डाल लेनी चाहिए। 1979 में एक बच्चे और 2016 में दो बच्चे की नीति के बाद अब चीन तीन बच्चे पैदा करने की इजाजत देने जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए कठोर नियम बनाने के चलते चीन में जनस-ांख्यिकीय विकार आ गया है। जन्म दर में एकाएक कमी आ जाने के चलते वहां की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और कामकाजी लोगों की संख्या भी तेजी से घट रही है। चीन की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ये स्थितियां चुनौती बन रही हैं। वहीं अमेरिका और जापान में भी कामकाजी लोगों की संख्या घट रही है। वास्तव में किसी भी देश के विकास के लिए कामकाजी लोगों की पर्याप्त संख्या जरूरी है। दरअसल जब कामकाजी लोगों की तादाद बढ़ती है तो देश को मिलने वाले कर में भी वृद्धि होती है ”

**जनसंख्या** नियंत्रण पर बहस और इसके लिए कानून बनाने की मांग कोई नई बात नहीं है। न केवल राजनीतिक, बल्कि सामाजिक और आर्थिक नजरिये से भी देश में जनसंख्या विस्फोट को काबू करने की मांग उठती रही है। हाल में असम और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए हैं जिससे यह मुद्दा फिर से गर्मा गया है। एक ओर जहां असम की सरकार ने इस दिशा में सरकारी आदेश जारी किए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस पर विधेयक लाने की तैयारी में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के मुताबिक राज्य में धीरे-धीरे ह्यटू-चाइल्ड पॉलिसीह्न लागू की जाएगी।माना जा रहा है कि इस तरह सरकारें दो से ज्यादा बच्चों के माता-पिता को कुछ सरकारी सुविधाओं और सब्सिडी से वंचित कर सकती हैं। इन दोनों ही राज्य सरकारों का रुख हैरान करने वाला नहीं है। इसकी वजह है कि ह्यटू-चाइल्ड पॉलिसीह्न भारत के करीब 11 राज्यों में पहले से ही लागू है। इन राज्यों में दो से ज्यादा बच्चों के माता-पिता को कुछ सरकारी सुविधाओं और पंचायत से लेकर नगर पालिका के चुनाव लड़ने तक की इजाजत नहीं दी जाती है, लेकिन यहां पर सवाल है कि क्या भारत को अभी ऐसे किसी कानून की जरूरत है? यदि नहीं तो फिर इसे अपनी आबादी को नियंत्रित करने के लिए क्या करना चाहिए? आंकड़ों से पता चलता है कि जनसंख्या और शिक्षा का बड़ा गहरा नाता है। ऐसे राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जिनकी साक्षरता दर ज्यादा है। सबसे ज्यादा साक्षरता दर वाले राज्य केरल की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर महज 4.9 फीसद है, जबकि सबसे कम साक्षरता दर वाले राज्य बिहार की वृद्धि दर 25.1 फीसद है। इसी तरह स्कूली शिक्षा के आधार पर भी प्रति महिला बच्चों की संख्या में अंतर पाया जाता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 के मुताबिक बिना स्कूली शिक्षा वाली महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं, जबकि 12वीं या ज्यादा शिक्षा वाली महिलाओं के 1.7 बच्चे होते हैं। गरीबी भी बढ़ती जनसंख्या के लिए जिम्मेदार है। गरीब परिवारों में बच्चों की अधिकता देखी जाती है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 के मुताबिक गरीब महिलाओं के अमीर महिलाओं की तुलना में औसतन 1.7 अधिक बच्चे होते हैं। निर्धन महिलाओं की प्रजनन दर जहां 3.2 है, वहीं धनी महिलाओं में प्रजनन दर 1.5 पाई गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, बाल विवाह,



महिलाओं की कमजोर सामाजिक स्थिति आदि भी कुछ ऐसे कारण हैं, जो देश की आबादी में बेतहाशा वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं। आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी की अपनी समस्याएं हैं। इनको नजरअंदाज एक देश ज्यादा दिनों तक खड़ा नहीं रह सकता। बढ़ती आबादी का ही नतीजा है कि आज हम प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई देशों से काफी पिछड़े हैं। हाल में पता चला कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में बांग्लादेश ने भारत को पछाड़ दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 में बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 1.62 लाख रुपये रही, जबकि भारत की प्रति व्यक्ति आय 1.41 लाख रुपये से थोड़ी ज्यादा रही। इसके अलावा आबादी में इजाफे का दबाव दूसरे संसाधनों और अवसरों की उपलब्धता पर भी पड़ता है। किसी भी देश के विकास में संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बहुत मायने रखती है। भारत में संसाधनों के विकास की गति की अपेक्षा जनसंख्या वृद्धि दर कहीं अधिक है।ब्रिटिश अर्थशास्त्री रॉबर्ट माल्थस ने ह्यजनसंख्या सिद्धांतह्न में जनसंख्या वृद्धि और इससे पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया है। उनके मुताबिक जनसंख्या दोगुनी रफ्तार जैसे-दो, चार, आठ और 16 आदि के अनुपात में बढ़ती है, जबकि संसाधन में बढ़ोतरी सामान्य रफ्तार जैसे-एक, दो, तीन और चार आदि के अनुपात में ही हो पाती है। इस कारण संसाधनों का आबादी में समान बंटवारा नहीं हो पाता है। अधिकांश लोग इससे वंचित रह जाते हैं। इससे गरीब वर्ग का उत्थान नहीं हो पाता। यह स्थिति समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानता पैदा करती है, जो बड़े पैमाने पर असंतोष का कारण बनती है। आज हम देश के संसाधनों पर आबादी के बढ़ते दबाव को महसूस कर सकते हैं। इसके चलते आज भारत की एक बड़ी आबादी निम्न जीवन स्तर जीने को बाध्य है। सब तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में हम पिछड़ रहे हैं। एक लोकतांत्रिक देश में ये सुविधाएं समान रूप से सभी नागरिकों तक पहुंचनी चाहिए, लेकिन देश में आबादी और संसाधन के बीच असंतुलन बढ़ने के चलते यह सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। हमें जनसंख्या नियंत्रण पर कोई कदम उठाने से पहले चीन पर एक नजर डाल लेनी चाहिए। 1979 में एक बच्चे और 2016 में दो बच्चे की नीति के बाद अब चीन तीन बच्चे पैदा करने की इजाजत देने जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए कठोर नियम बनाने के चलते चीन में जनसांख्यिकीय विकार आ गया है। जन्म दर में एकाएक कमी आ जाने के चलते वहां की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और कामकाजी लोगों की संख्या भी तेजी से घट रही है। चीन की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ये स्थितियां चुनौती बन रही हैं। वहीं अमेरिका और जापान में भी कामकाजी लोगों की संख्या घट रही है। वास्तव में किसी भी देश के विकास के लिए कामकाजी लोगों की पर्याप्त संख्या जरूरी है। दरअसल जब कामकाजी लोगों की तादाद बढ़ती है तो देश को मिलने वाले कर में भी वृद्धि होती है। इससे उस देश की तरक्की की राह खुलती है। बूढ़ी आबादी को पेंशन और रिटायरमेंट के लिए धनराशि इसी कर से देना संभव हो पाता है। यही कारण है कि आज कई देश अपनी आबादी में संतुलित रूप से इजाफा चाहते हैं। आशंका ऐसी भी जताई जा रही है कि राज्यों द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून लाने से देश में परिवार बच्चों के ह्यलिंग निर्धारणह्न करने की तरफ दोबारा बढ़ने लगेंगे। इससे लिंगानुपात पर भी असर पड़ेगा, जो पहले ही भारत में कम है। पांच राज्यों में पंचायत चुनाव में ह्यटू चाइल्ड पॉलिसीह्न के परिणामों पर एक स्टडी में पाया गया कि इसकी वजह से लोग खुद को योग्य दिखाने के लिए अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़ने लगे थे। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने देश में ह्यटू चाइल्ड पॉलिसीह्न लाने के लिए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। तब कोर्ट के नोटिस का जवाब देते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि देश में परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वैच्छिक है। अपने परिवार के आकार का फैसला खुद दंपती कर सकते हैं। तब केंद्र ने भी माना था कि निश्चित संख्या में बच्चों को जन्म देने की किसी भी तरह की बाध्यता हानिकारक होगी और जनसांख्यिकीय विकार पैदा करेगी। गौरतलब है कि आजादी के वक्त देश की आबादी करीब 36 करोड़ थी और मौजूदा आबादी लगभग 14 5 करोड़ है। वहीं 2019 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2027 में चीन को पछाड़ कर भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा। 2050 तक जहां चीन की आबादी 140 करोड़ होगी, वहीं भारतीय नागरिकों की तादात 164 करोड़ तक पहुंच जाएगी। हालांकि आइथक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हुई है। वर्ष 1971-81 के मध्य वार्षिक वृद्धि दर जहां 2.5 फीसद थी, वहीं वर्ष 2011-16 में यह घटकर 1.3 फीसद पर आ गई। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 के आंकड़े भी बताते हैं कि देश की जनसंख्या अब स्थिरता की ओर अग्रसर है। कुल प्रजनन दर यानी जन्म दर प्रति महिला 1984 के 4.5 के बरक्स 2016 में 2.3 पर आ गई है। ऐसा लंबे वक्त तक चला तो देश की आबादी न केवल स्थिर होगी, बल्कि उसमें कमी भी आ सकती है। दरअसल भारत में अभी भी एक बड़ी आबादी शिक्षा से दूर है इसलिए वह परिवार नियोजन के लाभों से अवगत नहीं है। शिक्षा में कमी के चलते ही लोग छोटे परिवार के फायदे के प्रति अभी भी पूरी तरह से जागरूक नहीं हो सके हैं। शिक्षा इंसान की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के हर पहलू पर असर डालती है। इसलिए शिक्षा कार्यक्रमों को विशेष कर ग्रामीण इलाकों में और मजबूती से लागू करने की जरूरत है।

## कविता

मैंने सोचा नहीं है
स्त्रियों के बारे में ,
स्त्रियां मेरी सोच से बहुत आगे हैं,
इतनी संवेदना, इतनी गहराई और इतनी
सात्विक विशालता
के बारे में विचार
करने मेरे दिमागी तंतु
कमजोर से हो जाते हैं।
अग्नि का आविष्कार
जरूर पुरुषों ने किया है
इसका सही प्रयोग,
उपयोग जानती हैं,
अग्नि की तरह
स्त्रियां भी पवित्र होती है।
पवित्र अग्नि की तरह।
निर्मल होती हैं,
निर्मल निझारणी की तरह,
स्त्रियां स्त्रियां नहीं होती
संस्कार होती है,
एक स्त्री के जन्म लेने का
मतलब ही
दो परिवारों और
पीढ़ीयों को सुविचारित करना है,
एक स्त्री जो यह समझती है
एक घर चलाने में क्या समस्या है
तो निश्चित तौर पर वह
इस बात के नजदीक हैं
कि देश चलाने में
क्या समस्याएं है

श्याम कुमार

# आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस कहीं बन न जाये समस्या

पंकज गांधी

**आर्टिफीसियल** इंटेलिजेंस जिसे चारो तरफ पुचकारा जा रहा है कहीं वह हमारे और हमारे पीढ़ी के लिए समस्या न बन जाये। आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की चहुं ओर चर्चा के बीच मैंने भी सोचा कि चलो एक बार मैं एक एआई आधारित चैट वाले वेबसाइट पर कोशिश कर के देखता हूं. मैंने भारत में घटी एक घटना के बारे में जब उस पर सवाल किया जो जबाब उसने दिया वह पूरी तरह मनगढंत और तथ्यों से परे था. उस आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस वाले चैट ने अपनी तरफ से ऐसी कहानी बना के सुनाई कि जैसे लग रहा था कि वह सच है. मैंने दो से तीन बार रीजेनरेट किया कि शायद सही उत्तर आये लेकिन हर बार मनगढंत कहानी के रूप में उसी तरह की मिलती जुलती कहानी सामने आई. आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का यह चैट वेबसाइट ऐसे लग रहा था कि हर बार मनगढ़ंत कहानियां सुनाने वाला कोई चोर है जो पुलिस द्वारा पकड़ा गया है और बदल बदल कर कहानियां सुना रहा है. संकट यह है कि यह तथ्य तो ऐसा था जिसे मैं और सब लोग जान रहें हैं कि क्या सच है, लेकिन पिछली कुछ चीजों पर यदि कुछ लिखने को आया जैसे कि होमवर्क निबंध आर्टिकल या कोई और भी चीज और यदि हमारे लोग, छात्र और युवा खुद सोचने की जगह लगे इस मशीन का इस्तेमाल करने जो अप्रमाणिक सूचनाओं के आधार पर होगा तो कैसे उनका बौद्धिक विकास होगा. उन्हें तो गलत ही तथ्य पता होगा. इसलिए मेरा मानना है की मनगढंत कहानियों तक तो ठीक है लेकिन किसी तथ्यात्मक जानकारी के लिए इसका सहारा लेना खतरे से खाली नहीं है. यह तो हुई इसकी विश्वसनीयता पर सवाल. जो दूसरा बड़ा खतरा है अनजाने में बिना विश्वसनीयता पर ध्यान दिए हुए बड़े पैमाने पर ज्ञान वाले पेशे में इसका इस्तेमाल. इसीलिए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी कहा है कि इससे लेखक, आर्किटेक्ट,सॉफ्टवेयर इंजीनियर जैसे लोग जो ज्ञान पर आधारित काम करते हैं, का काम प्रभावित हो सकता है। बकौल सुंदर पिचाई समाज को एआई से जुड़े नियम-कानूनों को फॉलो करना चाहिए और इसके प्रति जिम्मेदार बनना चाहिए। सुंदर पिचाई ने यह भी चेताया कि जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर डीपफेक वीडियो बनाए जा सकते हैं और इन डीपफेक वीडियो का समाज पर खतरनाक प्रभाव पड़ सकता है। इससे बहुत से मानवीय बुद्धि के इस्तेमाल वाले रोजगार को खतरा तो है ही लेकिन हम यहाँ एआई के रोजगार पहलू के अलावा बात करेंगे क्यूंकि उस पर पहले बहुत बात हो चुकी है. आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस द्वारा रचित रचना में कोई रचनात्मकता नहीं है और इसका यही एक बड़ा नुकसान यह है कि यह आउट ऑफ बॉक्स नहीं सोचता है. यह लोगों को सोचने की मेहनत और रचनात्मकता से दूर धकेल सकता है. यह समय के साथ प्री-फेड डेटा और पिछले अनुभवों के साथ सीखने में सक्षम है लेकिन इसके दृष्टिकोण में रचनात्मकता नहीं है.

## विचार

# षड्यंत्र और राजनीति का हिस्सा धर्म परिवर्तन

डॉ प्रियंका सौरभ

**आस्था** परिवर्तन हृदय का विषय है। आप राजनीतिक भाषा शैली और ऐसे प्रतीकों को अपनाकर किसी के अंतर्मन नहीं बदल सकते। गांधी जी इसी कारण धर्म परिवर्तन के विरुद्ध थे। उनका मानना था कि समाज सुधार के काम में धर्म परिवर्तन की भूमिका नहीं है। जाहिर है, धर्म परिवर्तन के पीछे दिए गए तर्कों को स्वीकार करना कठिन है। धर्म के अधिकार में धोखाधड़ी, धोखे, जबरदस्ती, लालच और अन्य तरीकों से अन्य लोगों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक आदेश में बाधा डालने के अलावा, धोखाधड़ी या प्रेरित धर्मांतरण अंतरात्मा की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता है। इसलिए, बलपूर्वक धर्मांतरण को विनियमित/प्रतिबंधित करने के लिए राज्य अपनी शक्ति के भीतर अच्छी तरह से है। भारत में, कोई भी कानून यह प्रतिबंधित नहीं करता है कि कौन से धर्म एक दूसरे में परिवर्तित हो सकते हैं । भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 सभी नागरिकों को धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें अपना धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। हालाँकि, भारत में धर्म परिवर्तन के लिए कोई कानूनी बाधाएँ नहीं हैं, लेकिन सामाजिक बाधाएँ अक्सर होती हैं। स्वतंत्रता भारतीय संविधान में परिकल्पित मौलिक अधिकार है। धर्म की स्वतंत्रता उन अधिकारों में से एक है जिन पर मौलिक स्तंभ आधारित है। भारत में, धर्म जीवन के हर पहलू में एक भूमिका निभाते हैं लेकिन साथ ही धर्म व्यक्ति के लिए है। किसी भी धर्म को दिल और पेशे से चुनना किसी भी कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी धर्मांतरण विरोधी कानून अन्यथा "किसी भी धर्म को चुनने और मानने की स्वतंत्रता" के मूल सिद्धांत को कम कर देगा और संविधान की भावना के खिलाफ जाएगा। इसके अलावा, भारत जैसे देश में जहां धर्मनिरपेक्षता प्रस्तावना का एक तत्व है, वास्तव में जिस चीज की जरूरत है वह समाज के कमजोर और कमजोर वर्गों की रक्षा करना है, जिन्हें कभी-कभी अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जाता है। कभी-कभी लोग अपनी खुशहाली बनाए रखने के लिए सामाजिक परिस्थितियों में अपना धर्म बदल लेते हैं और अगर इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो यह उन पर गंभीर प्रभाव डालेगा। ऐसे कानूनों की कई कानूनी विद्वानों ने तीखी आलोचना की है जिन्होंने तर्क दिया था कि 'लव जिहाद' की अवधारणा का कोई संवैधानिक या कानूनी आधार नहीं था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 21 की ओर इशारा किया है जो व्यक्तियों को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने के अधिकार की गारंटी देता है। साथ ही, अनुच्छेद 25 के तहत, विवेक की स्वतंत्रता, किसी भी धर्म का पालन न करने सहित अपनी पसंद के धर्म के अभ्यास और रूपांतरण की भी गारंटी है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई निर्णयों में यह माना है कि राज्य और अदालतों के पास जीवन साथी चुनने के वयस्क के पूर्ण अधिकार पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। लिली थॉमस और सरला मुद्गल दोनों ही मामलों में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की है कि बिना किसी प्रामाणिक विश्वास के और कुछ कानूनी लाभ प्राप्त करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए किए गए धार्मिक रूपांतरण में दम नहीं है। सलामत अंसारी-प्रियंका खरवार इलाहाबाद उच्च न्यायालय 2020 का मामलाः एक साथी चुनने या पसंद के व्यक्ति के साथ रहने का अधिकार नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का हिस्सा था। मानव अधिकारों पर सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 18 में उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना विश्वास बदलने सहित धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार है। चूंकि यह एक राज्य का विषय है, इसलिए केंद्र अनुबंध खेती आदि पर मॉडल कानून जैसे मॉडल कानून बना सकता है। धर्मांतरण विरोधी कानून बनाते समय राज्यों को उस व्यक्ति के लिए कोई अस्पष्ट या अस्पष्ट प्रावधान नहीं रखना चाहिए जो अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहता है। धर्मांतरण विरोधी कानूनों में अल्पसंख्यक समुदाय संस्थानों द्वारा धर्मांतरण के लिए वैध कदमों का उल्लेख करने का प्रावधान भी शामिल करने की आवश्यकता है। कोई अपनी इच्छा से किसी दूसरे धर्म को अपनाए यह उसका विषय है लेकिन सामूहिक रूप से लोगों को भड़का कर धर्म परिवर्तन को आक्रामक रैली में परिणत करना भयावह दृश्य उत्पन्न करता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# तपिश भरी गर्मी से खुद को बचाने के लिए रहें तैयार

संजय कुमार सुमन

**देश भर** में गर्मी का पारा रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गर्मी के साथ, लू और झुलसाने वाली धूप भी सभी को परेशान कर रही है। सूरज की तेज धूप का इतना बढ़ जाता है कि घर से बाहर कदम रखते ही ऐसा एहसास होता है, कि कहीं कहीं हमारा पूरा शरीर जल न जाए। बाहर की इस तीव्र गर्मी का असर हमारे शरीर के अंदर के हिस्सों में भी होता है। ज्यादा धूप में घूमने से कई लोगों को हीट स्ट्रोक भी लगता है।जब शरीर का तापमान नॉर्मल रहता है, तो व्यक्ति स्वस्थ महसूस करता है।लेकिन जैसे ही बॉडी टेंपरेचर में थोड़ा-सा भी उतार-चढ़ाव आता है, तो कई लक्षण नजर आने लगते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, शरीर का औसत तापमान 97.8 डिग्री फॉरेन्हाइट से लेकर 99.0 डिग्री फॉरेन्हाइट के बीच माना गया है।अगर तापमान इससे ज्यादा होता है, तो ये किसी समस्या का संकेत हो सकता है। वहीं, गर्म मौसम के कारण भी शरीर का तापमान बढ़ सकता है।ऐसे में कुछ खास घरेलू नुस्खों के जरिए, शरीर की गर्मी को कम किया जा सकता है।

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (अक्कअ) के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट वैद्य एस राजगोपाल ने बताया कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन की परेशानी सबसे ज्यादा होती है।जिसके चलते लोगों के शरीर में पानी की कमी होती है और कई अन्य बीमारियां भी घेर लेती हैं।इसलिए जरूरी है कि शरीर को हाईड्रेट रखने पर ध्यान दिया जाए।अप्रैल में क्योंकि चढ़ती हुई गर्मी होती है ऐसे में इस मौसम में शरीर में पानी की मात्रा बढ़ाने वाले उत्पादों का प्रयोग करना बेहद जरूरी हो जाता है।खास बात है कि सिर्फ पानी पीने से शरीर में पानी की मात्रा की पूर्ति नहीं होती, इसके लिए अन्य चीजें भी लेना जरूरी हैं ताकि पानी के साथ-साथ पोषण तत्व भी शरीर में मौजूद रहें।

डाइट में क्या शामिल करें?

गर्मियों के सीजन में पत्तेदार सब्जी को खान पान का हिस्सा बनाएं।इसमें लेटस, एमारेंथ, पालक, गोभी, केला शामिल हैं।अन्य सब्जियों की बात करें तो उसमें करेला, कद्दू, टमाटर, लौकी और बैंगन शामिल हैं। वहीं, खीरे, सेम, और जामुन से इम्युनिटी मजबूत होता है।

# बीवी बॉस दोनों डराए!

रामविलास जांगिड़

**मैं न** किसी भूत से डरता हूं और न ही किसी पुलिस से! भूत को जब उसकी पत्नी की याद दिलाता हूं तो भूत कराहने लगता है। मैं डरते-डरते कह रहा हूं कि मैं आजकल किसी से नहीं डरता हूं। असल में मुझे दो से डर लगता है। पहला डर बीवी से और दूसरा डर बॉस से! इन दोनों से चौबीसों घंटे डरता हूं। बीवी घर में ही नहीं डराती, बल्कि ऑफिस में भी पीछा नहीं छोड़ती है। क्या कर रहे हो? किससे बातें कर रहे हो? फोन इतना बिजी क्यों आ रहा है? घर आते वक्त वो-वो लेते आना! तुम्हें आजकल मेरी थोड़ी भी परवाह नहीं है! फोन पर पूरी बात सुनते ही नहीं हो! जब भी फोन करती हूं बिजी हूं ऐसा कहते हो? जाने कहां बिजी रहते हो? दूसरों से तो हंस-हंस के बहुत बातें करते हो! मैं ही तुम्हें कड़वी लगती हूं! कभी भी 2 सेकंड से ज्यादा फोन पर बात नहीं करते? व्हाट्सएप में ही घुसे पड़े रहते हो! ऐसे कई-कई अध्याय बीवी ऑफिस में सुनाती है। जब घर आता हूं तो इन एक-एक अध्याय का एक-एक उपन्यास पढ़ाया जाता है। फिर प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा ली जाती है। मौखिक पूछा जाता है कि समझ में आया कि नहीं! अगर इसका जवाब देने लग जाता हूं तो फिर से एक नया उपन्यास पढ़ना पड़ता है। एक अच्छा पत्नीव्रता महापुरुष वही होता है जो गर्दन झुका कर, आंखें धरती में गड़ा कर, फर्श के शून्य में आंखें टिका कर, चुपचाप पत्नी पुराण सुन ले। बॉस भी कोई कम चीज नहीं है। ऑफिस में तो माथा खाता ही रहता है।

लेकिन घर पर भी बॉस फोन खड़काता रहता है। व्हाट्सएप खोलता हूं तो बॉस का ऑडियो बम फटने लगता है। ऑफिस के सभी कर्मचारी ध्यान दें... इस वाक्य से शुरू हुआ ऑडियो बम धड़कनें तेज कर देता है। रक्तचाप बढ़ा देता है। मुंह-चेहरे को रुखा कर देता है। सांसे अंदर से खींच कर दांतों में अटका देता है। आज की आज ही यह रिपोर्ट चाहिए! वह फाइल अधूरी क्यों पड़ी है? फील्ड में जाकर कुत्तों की गणना आज ही पूरी करनी है! जनता में यह मैसेज आज ही चला जाना चाहिए! अगर यह सब नहीं हुआ तो आपके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी! तुरंत ही 17 सीसी का नोटिस दिया जाएगा! ऐसे-ऐसे ऑफिसी पुराण बांचकर बॉस बीवी से आगे निकल जाता है। डांटने के मामले में दोनों के बीच बड़ा कंपटीशन है। कोरोना-भूत हो तो निपट लूं! चुड़ैल-डायन से भी निपट लूं! हाय!

इनसे कैसे निपटा जाए? पहले नई-नवेली बीवी केवल घर में ही उधम मचाती थी, अब पुरानी पड़कर ऑफिस तक फैल गई। पुराना बॉस केवल पहले ऑफिस तक ही उधम मचाता था, नया होकर वह अब घर तक फैल गया। बॉस जिस सूचना को 3 बजे पहले-पहले मांगता है, उससे संबंधित आदेश 4 बजे व्हाट्सएप करता है। कबीर ने शायद बॉस और बीवी के पाटों में फंसकर ही यह लिखा होगा- दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय। ऐसा कहकर कबीर ने गृहस्थी से त्यागपत्र देकर बाबा होने में ही अपनी भलाई समझी होगी! बॉस का व्हाट्सएप ऑडियो बम आया है- सभी कर्मचारी ध्यान दें...! उधर बीवी चीख रही है- ये क्या मोबाइल में घुसे पड़े हो!

# मरीजों को एक्सपायरी डेट की दवा देने से मचा हड़कंप

## 25 अप्रैल को उस समय का है जब वह अपनी माता सीमा देवी का चिकित्सा कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर रानी में आए थे।

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर रानी/मैनपाल**

**दवाइयों की कमी** से जूझ रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,रायपुर रानी में एक्सपायरी डेट की दवाइयां देने का मामला सामने आया है। पीड़ित सौरव भट्ट पुत्र रामकुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि वह सगाँव बड़ौना खुर्द का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि यह वाक्या मंगलवार 25 अप्रैल को उस समय का है जब वह अपनी माता सीमा देवी का चिकित्सा कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर रानी में आए थे। चिकित्सक गौरव प्रजापति से जांच कराकर जब वह दवा लेने के लिए दवा वितरण काउंटर पर गया तो वितरण




करनेवाले कर्मी ने उसे ज़िंक सल्फेट टेबलेट आईपी-20 एमजी की दवा दे दी। उसका बैच नंबर ऊळ/20015 है।सौरव भट्ट जब अस्पताल से अपनी माता के साथ दवा लेकर घर पहुंचे और उन्होंने अपनी माता के मांगने पर उनको दवा खाने के लिए दे दी थी।लेकिन जब उसकी माता की दवाई खाने के बाद तबीयत खराब हुई।तभी सौरभ भट्ट को कुछ शंका हुई तो उसने दवाई की एक्सपायरी डेट की जांच की।वह एक्सपायरी तिथि देख कर आश्चर्यचकित रह गया।क्योंकि उसकी एक्सपायरी तिथि जून 2022 की थी।इस बाबत पीड़ित

> **8 सरकारी अस्पताल में बाहर की कोई भी दवाई नहीं लिखी जाएगी तो कैसे किसी मरीज को सरकारी डॉक्टर बाहर की दवाई लिख सकता है**

सौरव भट्ट ने शिकायत करते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,रायपुर रानी में इलाज के नाम पर मरीजों की ज़िन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों और राज्य सरकार को दोषियों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।वहीं सौरव ने इस मामले को लेकर जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेकर राज्य स्तर के पदाधिकारी तक से शिकायत करने की बात कही।वहीं एस.एम.ओ संजीव गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे स्टॉक में किसी भी प्रकार की एक्सपायरी दवाई नही है और जल्द ही इस विषय पर संज्ञान लिया जाएगा। वहीं जब हरियाणा सरकार ने आदेश जारी किया हुआ है कि सरकारी अस्पताल में बाहर की कोई भी दवाई नहीं लिखी जाएगी तो कैसे किसी मरीज को सरकारी डॉक्टर बाहर की दवाई लिख सकता है इस बारे में स्थानीय लोगों मनीष राणा, ओमपाल गाना ककराली आदि ने कहा कि गृह मंत्री अनिल विज जी के दिशा निर्देश सरकारी डॉक्टर मजाक उड़ा रहे हैं।

# 'पीपीपी में त्रुटियों को दूर करने के लिए 28 से 30 अप्रेल तक लगेंगे शिविर'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**एडीसी सचिन** गुप्ता ने बताया कि अम्बाला जिले में 28 से 30 अप्रैल 2023 तक तीन दिनों तक परिवार पहचान पत्र के तहत त्रुटियों को ठीक करने के दृष्टिगत विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सरकारी स्कूलों के साथ-साथ सीएससी सैन्टरों में आयोजित होगें। जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र से सम्बधिंत जो भी त्रुटि है उसे दूर करवा सकता हैं। इन शिविरों में त्रुटियों को ठीक करने के सम्बध में सम्बधिंत व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, यह कार्य निशुल्क होगा। परिवार पहचान पत्र कैंप्स मे होने वाली गतिविधिओ के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की वे नागरिक जिनकी आयु 55 वर्ष से अधिक है परन्तु उन्होंने अपने परिवार पहचान पत्र मे जन्म तिथि का प्रमाण पत्र नहीं दिया है वे सभी नागरिक मेरा परिवार पोर्टल पर अपने पहचान पत्र मे जन्म तिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल त्याग पत्र या मेट्रिक सर्टिफिकेट या 2017 से पहले का जारी किया हुआ वोटर कार्ड) कैम्प के माध्यम से अपलोड करवाये। इसके लिए वे सीएससी की सहायता भी ले सकते है। इसके साथ ही वे दिव्यांग नागरिक जो दिव्यांग पेंशन ले रहे है परन्तु उन्होंने अपने दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र अपने परिवार पहचान पत्र मे नहीं दिया है, वे सभी दिव्यांग नागरिक मेरा परिवार पोर्टल पर अपना अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र अपलोड करवाये, इसके लिए वे नजदीकी सीएससी की सहायता भी ले सकते है। इसी के साथ जिन नागरिकों को उनके फोन पर परिवार पहचान पत्र की प्रति (मुखिया द्वारा हस्ताक्षर सहित) को मेरा परिवार पोर्टल पर अपलोड करवाने की जानकारी मिली है, वे सब भी इस कार्य को कैम्प के माध्यम से करवाये। इसके



> **8 नागरिकों से अपील की कि यह उनके लिए सुनहरा अवसर है कि वे अपने परिवार पहचान पत्र मे दी गयी सभी जानकारी की जांच अवश्य कर ले**

लिए भी वे नजदीकी सीएससी की सहायता ले सकते है।

उन्होनें नागरिकों से अपील की कि यह उनके लिए सुनहरा अवसर है कि वे अपने परिवार पहचान पत्र मे दी गयी सभी जानकारी की जांच अवश्य कर ले एवं किसी भी प्रकार की त्रुटि को जल्द से जल्द ठीक करवाये, जिससे भविष्य मे किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। नागरिक अपने परिवार पहचान पत्र से जुडी किसी भी समस्या के निवारण या जाँच या अन्य जानकारी जैसे की आय सत्यापन, जाति सत्यापन या वृद्धवस्था पेंशन हेतु अपने अपने नजदीकी बीडीपीओ कार्यालय या नगर निगम कार्यालय मे सम्बंधित पीपीपी अधिकारी से मिल सकते है।

बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कैम्प में आने वाले लोगों की जो भी परिवार पहचान पत्र से सम्बधिंत त्रुटि है उसे दूर करना है, यदि पोर्टल पर कोई तकनीकी दिक्कत है तो उस कार्य के लिए मेनूअल प्रक्रिया को अपनाते हुए दस्तावे लेने हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नीलकंठ महादेव मंदिर में 21 मई को विशाल धर्म यात्रा एवं धर्म सभा का आयोजन: गुरु राधिका



**गन्नौर: महामंडलेश्वर गुरु** मां राधिका नन्द सरस्वती ने बताया कि आगामी 21 मई को नीलकंठ महादेव मंदिर कैलाना में एक विशाल धर्म यात्रा व धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनो से भारी संख्या में संत महात्मा शिरकत करके लोगों का अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। राधिका ने बताया कि विशाल धर्म यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर सैया खेड़ा, कैलाना ,पुरखास ,डबरपुर, सिटावली, माजरी, मोई व दुभेटा गांव से होकर नीलकंठ महादेव मंदिर पर समापन होगा। राधिका ने बताया कि उसके उपरांत देश के विभिन्न कोनों से आए संत महात्मा धर्म सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि धर्म सभा में समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने और खासकर आजकल युवा वर्ग नशे जो की नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है उससे छुटकारा दिलाने के लिए संत महात्मा अपने प्रवचनों से धर्म सभा में युवाओं व लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। गुरु माँ ने कहा कि युवाओं को इस जानलेवा नशे से छुटकारा दिलाना कठिन नही है लेकिन आसान भी नही है इसके लिए प्रयास करने होंगे। शहर में कई खाली पड़ी इमारतें नशे का अड्डा बनती जा रही है, जहां दिन के समय भी नशे का सेवन आम बात है। ऐसे में अभिभावकों की भूमिका भी काफी बढ़ जाती है। अकसर बदनामी के डर से अभिभावक बच्चों की काउंसलिंग और उसे नशा मुक्ति केंद्र ले जाने से परहेज करते हैं, जो आगे उनकी जान के लिए घातक साबित होता है। ऐसे युवाओं की पीड़ा को समझते हुए समाज को एकजुट होने की जरूरत है।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने कैंपस में आयोजित किया हॉर्टिकल्चर वर्कशॉप

**गुरुग्राम।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम के छात्रों ने जैविक खेती के महत्व पर हॉर्टिकल्चर कार्यशाला का आयोजन कर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। कार्यशाला में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कार्यशाला के दौरान छात्रों को पौधे और ग्रो बैग दिए गए और उनकी देखभाल करने के तरीके बताए गए। हॉर्टिकल्चर ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाए जाने वाले यूनिक विषयों में से एक है। यह छात्रों के लिए स्कूल कैंपस में स्माल फार्मिंग के बारे में जानने का एक आदर्श मंच है, जो छात्रों को बौद्धिक और भावनात्मक स्तर पर प्रकृति से जुड़ाव विकसित करने में सक्षम बनाता है। वे अन्य पाठों के साथ-साथ विभिन्न वनस्पतियों, पौधों की विशेषताओं, आधुनिक खेती के तरीकों और कीटनाशकों के उपयोग के बारे में भी जानेंगे। छात्रों को हॉर्टिकल्चर सेटअप की निगरानी और रखरखाव करना सिखाया जाता है। जिमी आहूजा एकेडेमिक्स हेड - स्पेशल प्रोजेक्ट्स, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने कहा "एक स्कूल गार्डन एक आदर्श सीखने वाला समुदाय है जो छात्रों को सीखने और भावनात्मक जरूरतों के विस्तृत स्पेक्ट्रम के साथ पूरा करता है। अपने स्वयं के भोजन को कैसे विकसित किया जाए, इसका अनुभव करके, वे विस्तृत कृषि प्रक्रिया को समझते हैं और किसानों के साथ सहानुभूति रखते हैं। इन बागवानी गतिविधियों को करने से, शिक्षार्थियों को सहयोग और संसाधन जैसे कौशल के साथ जिम्मेदारी के गुण प्राप्त होते हैं, जो उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों के साथ अभी भी मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए प्रकृति-प्रेमी और भविष्य के लिए तैयार बनाते हैं,"।

### महिंद्रा ने ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज रेंज लॉन्च की 7.85 लाख रुपए से शुरू

**हिसार।** भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निमार्ता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने आज अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वसेर्टाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है।

नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, मेक इन इंडिया पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

# साइबर क्राइम जागरूकता हेतु लगाया गया सेमिनार

**पिंजौर/मैनपाल**

**समाजसेवी** रंजीत उत्पल की अगुवाई में विधानसभा क्षेत्र कालका में एक साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत लोगों को साइबर क्राइम संबंधित जानकारियां एवं पीड़ितों को सेवाएं निशुल्क प्रदान की जा रही है।इसके लिए समाजसेवी रंजीत उप्पल ने विश्व रिकॉर्ड धारक एवं साइबरगर्ल कामाक्षी शर्मा को आमंत्रित किया है, ताकि क्षेत्रवासियों को साइबरक्राइम के प्रति जागरूक किया जा सके। कामाक्षी शर्मा ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल करणपुर एवं गवर्नमेंट हाई स्कूल मड़ावाला में



सेमिनार आयोजित किया। इस सेमिनार में कमाक्षी शर्मा ने स्कूली बच्चों को बताया कि किस प्रकार वह मोबाइल द्वारा होने वाले साइबर ठगी, साइबर ब्लैक मेलिंग,आर्थिक धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया फ्रॉड से बचाव कर सकते हैं उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को बताया कि जागरूकता ही साइबर क्राइम से बचने का एकमात्र तरीका है इसीलिए मोबाइल पर ऑनलाइन गेमिंग, लिंक डाउनलोड, या ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान दी गई जानकारियां, यह सभी चीजें आपके लिए खतरे का कारण बन सकती हैं। इसलिए हर जानकारी को सोच समझकर साझा करें। कामाक्षी शर्मा ने बच्चों को बहुत सारे ऐसे टिप्स दिए, जिससे वह साइबर क्राइम से बच सकते हैं। एक विशेष बात उन्होंने कही कि फेक आईडी बनाना साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। जिसके लिए 3 साल की सजा निर्धारित की हुई है। इसलिए आप सभी सावधान हो जाएं और किसी प्रकार का ऐसा कार्य ना करें, जिससे आप अपराधी कहलाए।

वहीं स्कूल प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ ने इस जागरूकता अभियान के लिए समाजसेवी रंजीत उप्पल एवं साइबर शोगर्ल कामाक्षी शर्मा का धन्यवाद किया।

# 'बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार खिलाड़ी बेटियों की आवाज भी सुनें'

**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर**

**कांग्रेस** युवा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने बुधवार को कहा है कि सरकार बेटी बचाओ का नारा देती है और आज बेटियों को बचाने के लिए तो दूर उनकी बात सुनने को तैयार नहीं यह तो दोहरे मापदंड हैं। उनकी बात को सुनकर निष्पक्ष जांच हमारे प्रधानमंत्री को करवानी चाहिए जो खिलाड़ियों का ध्यान रखने का संदेश खेल मंत्रियों को देते हैं तो इसको गंभीरता से लें। राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा कि सरकार ने तो ऐसा लगता है कि हर धरने को अनदेखा करने का नियम सा बना लिया है। ऐसी क्या मजबूरी है कि सरकार एफआईआर दर्ज करवाकर जांच करवाने से घबराने लगी है। सरकार को हमारी पहलवान बेटियों के साथ संवाद करना चाहिए तो उनके साथ इंसाफ हो और खिलायों को उत्साह मिले। न्याय भी हो और महिला खिलाडियों को भविष्य सुरक्षित भी रहे। खिलाड़ी तो पूरे देश की शान हैं। खिलाड़ी हमारे तिरंगे को विश्व के अन्य राष्ट्रों की धरा पर फहराकर आई तो प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि वे परिवार के साथ उनके पास आएं चाय पर बुलाया था लेकिन आज जब वे बेटियां दिल्ली में धरना दे रही है तो एक शब्द भी उनके बारे में नहीं कहा जा रहा है उनकी आवाज को सुना नहीं जा रहा है।

# इंग्लिश क्वीज कंटेस्ट में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**विद्यार्थियों के** सर्वांगीण विकास के लिए सह-पाठ्यक्रम क्रियाकलापों के अंतर्गत प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र - छात्राओं के लिए अंतर-सदनीय इंग्लिश क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के पायोनियर सदन के महक, खुशी, अक्षित ,अनन्य ; टाइटन सदन के यशिका, जाह्नवी, वंशिका, तनीषा ; होराइजन सदन के अवनी, दिशा, यशिका, अविका ; एलिट सदन के यशिका अग्रवाल ,माही ,जियाना, अंशिका अग्रवाल चारों सदनों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा अपने




सदन को विजयी बनाने के लिए बाजी लगा दी। सभी सदनों के मध्य अंतिम प्रश्न तक काँटे की टक्कर चलती रही। होराइजन हाउस ने प्रथम पायनियर हाउस ने द्वितीय तथा टाइटन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से विजेताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक द्वारा प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिक्षिका शालू पहल ने प्रतियोगिता का संचालन किया व वरिष्ठ समन्वयक डॉ. अभिलाषा ने इस आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# पूर्व सरपंच प्रतिनिधि की हत्या, खेत में बनी होदी में डुबोकर मारने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** गांव सरेली मैं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि की हत्या हो गई है। उसके साथियों ने ही उसे खेत में बनी खेल (होदी) में डुबोकर मार दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र के बयान के आधार पर 3 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश के चलते उसके पिता की हत्या की गई है। उसके पिता राजेंद्र पूर्व में गांव के सरपंच रह चुके हैं और उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के परिचितों ने ही चुनावी रंजिश में शराब पिलाकर हत्या की है।

# नव ज्योति शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने हिमाचल में मनवाया अपना लोहा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**नव ज्योति** शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी अपने आपको आगे बढ़ाया है। क्योंकि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक मेहनत जरूरी है जो खेल के माध्यम से ही नियमित रूप से रखा जा सकता है। शारीरिक और मानसिक विकास विद्यार्थियों के लिए दोनों ही जरूरी हैं। किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा जरूरी हैं जिससे आगे बढ़ा जाता है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि



हिमाचल प्रदेश के भागुड़ी गांव में एस.एन.जे.एम. एकेडमी के द्वारा अंडर 65 किलोग्राम वजन में कबड्डी प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया।

जिसमें नव ज्योति शिक्षा सदन विद्यालय की तरफ से कोच दीपक ने अपनी टीम के प्रतिभागियों की बहुत ही अच्छी तैयारी के साथ एंट्री करवाई। टीम में रोहित, आशीष, साहिल, प्रशांत,करण, प्रदीप,अंकित, शुभम,रोहित और विनय खिलाड़ी शामिल रहे। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मैच सीएमआर गुमड़ और नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर खुबडू के बीच हुआ जिसमें नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर खुबडू के खिलाड़ी विजयी रहे। फाइनल मैच मेरठ और एन. जे. एस. एस.एकेडमी के बीच रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र के गौरव मान को बढ़ाया।

# बवाना में बागवानी कैंप आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**

**महेंद्रगढ़। बागवानी** विभाग की ओर से आज खंड महेंद्रगढ़ के गांव बवाना में बागवानी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी डॉ प्रेम कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

डा. प्रेम कुमार ने विभाग की विभिन्न स्कीमा का लाभ लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए किसान को जरूरी दस्तावेजों के साथ मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्टर होना अनिवार्य है। इसके बाद किसान एचओआरटी डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉग इन कर विभाग की स्कीम चुनाव कर रजिस्टर कर सकता है।

इस मौके पर उद्यान विकास अधिकारी डॉ राधेश्याम खेरवा ने बताया कि बागवानी विभाग की ओर से बाग लगाने, सब्जी की खेती, बांस की स्टैकिंग व मशरूम की खेती में अनुदान राशि दी जा जाती है। विभाग का उद्देश्य है कि विभाग की ओर से चलाई जा रही प्रत्येक योजना की जानकारी किसानों तक पहुंच सके। शिविर के माध्यम से नए बाग लगाने व सब्जी का क्षेत्र बढाने व मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नए बागों के क्षेत्र विस्तार के लिए प्रति एकड 50 से 70 प्रतिशत सरकार द्वारा विभाग के माध्यम से अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान राशि फलदार पौधों के अनुसार दी जाती है।

उन्होंने बताया कि बाग लगाने का उचित समय बारिश के समय है। इसके लिए गडढे खोदने का कार्य मई व जून में कर लेना चाहिए। इसके लिए ३७३ फीट का गड्ढा ६७६ मीटर की दूरी पर खोदना चाहिए व ऊपर की 1.5 फीट की मिट्टी एक साईड व नीचे की 1.5 फीट की मिट्टी अलग कर लेनी चाहिए। गडढे खोदने के बाद ऊपर की 1.5 फीट की मिट्टी एवं उतनी ही मात्रा में गोबर की अच्छी सड़ीगली खाद अच्छी तरह मिलाकर गडढा पूनः भर देना चाहिए तथा बारिश आने पर पौधारोपण करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने विभाग की सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बैम्बो स्टेकिंग, मल्चिंग एवं टनल इत्यादि स्कीमों के बारे में जानकारी दी।

# 2 किलो 600 ग्राम अफीम सहित महिला समेत 3 गिरफ्तार

2 किलो 600 ग्राम अफीम सहित महिला समेत 3 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिंकजा कस्ते हुए पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए पिछले कुछ महीनों में भारी संख्या में नशीले पदार्थों की खेप बरामद कि है तथा कई लोगो के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज किये है। अम्बाला पुलिस ने महिला समेत 3 आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद की है। अफीम की कीमत 5-6 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।



मुख्य आरोपी अंबाला सिटी के विजय नगर का रहने वाला है, जबकि नशे के धंधे में शामिल महिला-पुरुष बिहार के रहने वाले हैं। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस की टीम मुलाना थाना एरिया में गश्त पर तैनात थी। पुलिस को शक था कि विजय नगर निवासी सुनेश अन्य लोगों के साथ मिलकर नशे का धंधा करता है। आज भी वह भारी मात्रा में अफीम खरीद अंबाला की तरफ जा रहा है। पुलिस ने इसी दौरान चैकिंग अभियान चलाकर आरोपियों को गिरफतार किया है। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सुनेश कुमार के पास से एक बैग मिला, जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। आरोपी सुनेश बलदेव नगर एरिया में गाड़ी की खरीद-फरोख्त करता है।

इसके साथ बिहार के नथूनी साहनी उर्फ राजू और बिहार की किरण भी लिप्त है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुनेश काफी लंबे समय से नशे का कारोबार कर रहा था।

# ऑटो से घर जा रहे व्यक्ति पर दो व्यक्तियों ने ईंटो से हमला कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गांव गुमड़ में दूध सप्लाई कर अपना ऑटो लेकर घर जा रहे व्यक्ति पर गांव के ही दो व्यक्तियों ने ईंटों से हमला कर उसको घायल कर दिया व उसके ऑटो को भी काफी क्षति पहुंचाई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो 24 अप्रैल को दूध स्पलाई करके शाम करीब 8 बजे गन्नौर से अपने गांव गुमड़ जा रहा था रास्ते मे विकास व बिक्कु गली मे ट्रैक्टर खड़ा कर रहे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वो अपनी आटो को लेकर अपने मकान की तरफ जाने लगा तो इन दोनों ने मेरा रास्ता रोककर गली में आटो लेकर आने का विरोध जताते हुए कहा कि गली में तुड़ा उतरवाना है। इसी को लेकर दोनों के साथ कहासुनी हो गई। विकास ने सिर मे ईट मारी व मेरी गाड़ी की काफी तोडफोड़ की। आरोप है कि बिक्कु ने कहा कि अगर इसके बाद गली मे अपना आटो लेकर आया तो तुझे जान से मार देगें। पीड़ित ने बताया कि उसका ताऊ देवेन्द्र सिहं ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गन्नौर में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज खानपुर रैफर कर दिया।

# 'शीश महल' में रहते हैं केजरीवाल: भाजपा

## केजरीवाल हुए बेनकाब, इस्तीफा दें: बीजेपी, केजरीवाल के बंगले पर 45 करोड़ खर्च हुए: बीजेपी, आप का जवाब- पीएम के घर पर तो 500 करोड़ लगे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का घर और ऑफिस सजाने में 45 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। केजरीवाल घर नहीं, शीश महल में रहते हैं। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सचदेवा के आरोप पर आम आदमी पार्टी के नेता सांसद संजय सिंह ने जवाब दिया है। संजय सिंह ने बुधवार को कहा- प्रधानमंत्री का घर ठीक करने में 500 करोड़ रुपए लगे। 8400 करोड़ का जहाज खरीदा गया। पीएम 12 करोड़ की कार से चलते हैं। सवा लाख रुपए के पेन से लिखते हैं। 10 लाख का सूट और 1.6 लाख का चश्मा पहनते हैं। इस पर तो भाजपा ने सवाल नहीं उठाया।

### वार-पलटवार

**= प्रधानमंत्री का घर ठीक करने में 500 करोड़ रुपए लगे। 8400 करोड़ का जहाज खरीदा गया। पीएम 12 करोड़ की कार से चलते हैं**

**आप की सफाई और भाजपा को जवाब...**सफाई: संजय सिंह ने कहा, "केजरीवाल के 80 साल पुराने सरकारी बंगले में तीन घटनाएं हुईं। संजय सिंह ने बताया कि जिस कमरे में केजरीवाल के माता-पिता रह रहे थे, उसकी छत गिर गई। सीएम के कमरे और गेस्ट रूम में भी यही हुआ। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने इसे फिर से बनाने की सिफारिश की थी।

**भाजपा को जवाब:** संजय सिंह ने कहा- दिल्ली के उपराज्यपाल के घर की मरम्मत में 15 करोड़ रुपए खर्च हो गए। इसके अलावा गुजरात के सीएम का प्लेन 191 करोड़ रुपए में खरीदा गया। भाजपा के नेता इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते। ये मुद्दे नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि ये अडाणी, सत्यपाल मलिक जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने की साजिश है।

**भाजपा: कोरोना के समय दिल्ली का विकास रोका, घर बनवाया:** वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "दिल्ली सरकार ने कोरोना के समय कई विकास कार्य पैसों के अभाव के चलते स्थगित कर दिए, लेकिन सीएम के घर और ऑफिस सजाने में करोड़ों खर्च कर दिए। यह दिल्ली सरकार की लोगों के प्रति संवेदनहीनता का बड़ा प्रमाण है।

## केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ खर्च: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपये खर्च होने का खुलासा होने पर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल से फौरन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा यह केवल एक महाराज और उनके महल के रेनोवेशन की कहानी नहीं है। यह महाराज की मानसिकता के रेनोवेशन की कहानी है। यह कुछ नहीं लूंगा से सब कुछ लूट लूंगा, कुछ नहीं छोड़ूंगा का सफर है। यहर महाराज में आए परिवर्तन की कहानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने मीडिया को यह खबर रोकने के लिए 20 से 50 करोड़ रुपये देने का प्रलोभन दिया। पात्रा ने बावजूद इसके खबर का प्रकाशन करने के लिए मीडिया की प्रशंसा की। पात्रा ने कहा महाराज के महल में 8-8 लाख रुपये के परदे लगाए गए। यह वो लोग हैं जो शपथ लेने ऑटो में लटक कर पहुंचे थे। कहते थे कि हम गाड़ी नहीं लेंगे। घर नहीं लेंगे। पात्रा ने कहा कि 1 करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक का तो इनके घर में मार्बल लगा है। यह मार्बल भी वियतनाम से मंगवाया गया है। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का यह महल उस समय रेनोवेट हो रहा था जब दिल्ली में कोरोना से हाहाकार मचा था। कोरोना काल में ऑक्सीजन के टैंकर अस्पतालों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। मरीजों को बेड नहीं मिल पा रहे थे, क्योंकि केजरीवाल अपने महल के रेनोवेशन में व्यस्त थे।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट कल सुनाएगा फैसला




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल ने आबकारी घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। कोर्ट ने 28 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया मंत्री समूह के मुखिया थे और कैबिनेट के बारे में उनको सारी जानकारी थी। वे आबकारी नीति के बदलाव में मुख्य भूमिका में थे। नीति में फायदा पहुंचाने के बदले रिश्वत ली गई। मंत्री समूह की बैठक में लाइसेंस फीस और प्रॉफिट मार्जिन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान 5 अप्रैल को सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि सिसोदिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला ही नहीं बनता है। ईडी का पूरा केस सीबीआई के केस पर आधारित है। सिसोदिया ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत किसी भी तरह का अपराध नहीं किया। कोर्ट को यह देखना होगा कि क्या धारा 3 के तहत कोई उल्लंघन किया गया है। सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि दूसरी एजेंसियां पहले ही इस मामले की जांच कर रही हैं।

# दुबई-दिल्ली उड़ान घटना की जांच पूरी होने तक चालक दल को डीजीसीए ने निलंबित किया

**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली फ्लाइट में हुई घटना की जांच कर रहे नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जांच पूरी होने तक पूरे परिचालक दल को हटाने की निर्देश दिया है। दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान 27 फरवरी को एक पायलट की महिला मित्र को कॉकपिट में ले जाने की शिकायत चालक दल के एक सदस्य ने डीजीसीए से शिकायत की थी। डीजीसीए के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि प्रथम दृष्टया इस मामले में केबिन-क्रू की कोई भूमिका नहीं दिख रही है, लेकिन जांच



पूरी होने तक इस उड़ान के पूरे परिचालक दल की सेवा निलंबित रखी जाएगी।

अधिकारी के मुताबिक फ्लाइट से संबंधित पायलट को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक इस मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक पायलट की सेवाएं भी निलंबित रहेंगी। डीजीसीए टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान एक पायलट की महिला मित्र को कॉकपिट में ले जाने की अनुमति देने की घटना की जांच कर रहा है।

### सख्ती

**= 27 फरवरी को एक पायलट की महिला मित्र को कॉकपिट में ले जाने की शिकायत चालक दल के एक सदस्य ने डीजीसीए से की थी**

# सास-ससुर के बाद पति की थी बारी...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** के भागीरथी विहार, गोकलपुरी में राधेश्याम वर्मा (72) और पत्नी वीना (69) की बेरहमी से हत्या करने के मामले में नया खुलासा हुआ है। बहू मोनिका सास-ससुर की हत्या के बाद पति को भी मारना चाहती थी। इसके बाद संपत्ति को बेचकर प्रेमी के साथ रहने की उसने साजिश रची थी। मुख्य आरोपी आशीष के साथी विकास उर्फ विराज को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया तो उसने ये खुलासा किया। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि बुजुर्ग दंपती की हत्या के बाद आरोपी घर से ज्वेलरी व नकदी ले गए थे। मामला दर्ज कर गोकलपुरी थाना पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में बहू मोनिका, प्रेमी आशीष और आशीष के दोस्त विराज का नाम सामने आया था। पुलिस ने मोनिका व आशीष को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि विराज फरार था। एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अरुण सिद्धू व एएसआई रविंद्र सिंह की टीम विराज को तलाश रही थी। इंस्पेक्टर अरुण को विराज के कोटला गांव, मयूर विहार में होने की सूचना मिली थी।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इफको द्वारा निर्मित नैनो डीएपी (तरल) का लॉंच किया। इसकी 500 एमएल की बोतल एक बोरी डीएपी का विकल्प बनेगी।

# दिल्ली नगर निगम: डॉ शैली ओबरॉय मेयर निर्विरोध निर्वाचित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा ने मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव में अंतिम समय पर नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद आप उम्मीदवार डॉ शैली ओबरॉय निर्विरोध मेयर और आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष तरीके से सदन को चलाएंगे। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाते हैं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटियों को पूरा किया जाएगा। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा के पार्षदों का फर्ज बनता है कि वो राजनीति ना खेलें बल्कि दिल्ली की समस्याओं को दूर करने के लिए साथ दें। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के निर्विरोध मेयर-डिप्टी मेयर बनने के बाद सिविक सेंटर में वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने मेयर डॉ शैली ओबरॉय के साथ महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। दुर्गेश

### विजयी

**= मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे**



पाठक ने कहा कि पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के सामने सरेंडर कर दिया है। दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर कटाक्ष किया कि इनके अंदर मेयर-डिप्टी मेयर का चुनाव लड़ने की क्षमता खत्म हो गई है। हमारे सभी पार्षदों को दस-दस करोड़ रुपए और अमित शाह से मीटिंग का ऑफर दिया गया, ताकि किसी तरह से टूट जाएं। भाजपा ने हमारे पार्षदों को तोड़ने के लिए दिल्ली पुलिस का सहारा भी लिया। जब सारे षड्यंत्र फेल हो गए तो नामांकन वापस ले लिया। नव-निर्वाचित मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने मुझे फिर से मेयर पद का उम्मीदवार बनाया। आम आदमी पार्टी के पार्षद, विधायक, सांसद, कार्यकर्ता और दिल्ली की जनता की भी आभारी हूं, जिन्होंने मुझे मेयर बनाने का फैसला किया। दिल्ली की जनता के जो सपने हैं उन्हें पूरा करने के लिए यह जिम्मेदारी दोबारा मिली है। सभी को आश्वस्त करती हूं कि जो जिम्मेदारी आज फिर से मिली है, उसे ईमानदारी और साफ नियत से पूरा करूंगी। दिल्ली की जनता की बेहतर स्कूल, अस्पताल, पार्क आदि उम्मीदों को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम के कर्मचारियों की तनख्वाह सहित अन्य मुद्दों को पूरा किया जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम राजनीति से ऊपर उठकर निष्पक्ष तरीके से सदन को चलाएंगे। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की जनता का आभार, जिन्होंने दोबारा मुझ पर विश्वास जताया है। दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाते हैं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटियों को पूरा किया जाएगा।

# एफआईआर दर्ज न करने वाले पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर हो: स्वाति



**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बुधवार को मांग की है कि महिला रेसलर की यौन शोषण की शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज न करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। विशेष पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा) को लिखे पत्र में स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह काफी गंभीर मामला है। पांच दिन पहले शिकायत किए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। पुलिस अधिकारियों को इस मामले की जांच करनी चाहिए कि आखिर क्या कारण है कि लिखित शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। मालीवाल ने कहा कि इस बीच आयोग को महिला रेसलरों की एक और शिकायत मिली है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच और हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी शिकायत करने वाली महिला कोच को और उनके घर वालों को फोन करके धमकी दे रहे हैं। मालीवाल ने कहा कि रेसलर फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दिए जाने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। यह गंभीर मामला है कि पीड़िता की शिकायत के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### मांग

**= मामले की जांच करनी चाहिए कि आखिर क्या कारण है कि लिखित शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही**

# दिल्ली के स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी



**टीम एक्शन/इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर है। दिल्ली में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली है। दिल्ली फायर सर्विस का कहना है कि जांच चल रही है। मौके पर दिल्ली पुलिस समेत अन्य टीम मौजूद हैं।
जानकारी के अनुसार, डीपीएस मथुरा रोड में बम की कॉल मिलने से हड़कंप मच गया। ईमेल से बम रखे होने की जानकारी दी गई है। स्कूल प्रशासन की ओर से 8:10 पर पीसीआर कॉल के जरिए स्कूल में बम होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर पहुंची।
दिल्ली के साउथ ईस्ट DCP राजेश देव ने कहा कि सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की बम डिस्पोजल टीम और लोकल पुलिस को तैनात किया गया है। फिलहाल कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। जांच जारी है।

**ईमेल के जरिए मिली थी बम से उड़ाने की धमकी:** इससे पहले, 12 अप्रैल को साउथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना इलाके के सादिक नगर में स्थित एक स्कूल को बम से उड़ाने की मिली थी। धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। स्कूल प्रशासन द्वारा परिजनों के व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज जारी कर यह बताया गया कि वह तुरंत स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों को घर ले जाएं। यह मैसेज मिलते ही स्कूल के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई। परिजन बच्चों को लेकर निकलने लगे। उन्हें कुछ नहीं पता था कि

### सुनवाई

**= ~~राजद्रोह के इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने इससे पहले शरजील की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था~~**

# 'निचली अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और बार एसोसिएशन को निर्देश दिया है कि दिल्ली की निचली अदालतों के अंदर सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बैठक करें। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो सप्ताह के अंदर बैठक कर सुरक्षा इंतजामों पर सुझाव देने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने हाल ही में साकेत कोर्ट में हुई गोलीबारी पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। इससे




पहले 24 सितंबर, 2021 को रोहिणी कोर्ट रूम में फायरिंग हुई थी, जिसमें गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की मौके पर मौत हो गई। रोहिणी कोर्ट के कोर्ट नंबर 207 में एडिशनल सेशंस जज गगनदीप सिंह की कोर्ट में ये घटना घटी थी। वकील की वर्दी में आये दो लोगों ने गैंगस्टर जितेंद्र गोगी पर गोलियां चलाई थीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग में दोनों हमलावर भी मारे गए थे। इस घटना के बाद 9 दिसंबर को रोहिणी कोर्ट में कम तीव्रता वाला धमाका हुआ था। इन घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया था कि वे दिल्ली हाईकोर्ट और निचली अदालतों का सुरक्षा आडिट करें। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि अदालतों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की टीम गठित की जाए। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली पुलिस जांच में काफी सहयोग कर रही है।

## कोरोना: दिल्ली में 1095 नए मामले आए सामने

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में कोरोना से मौत के मामलों में गिरावट दर्ज नहीं हो रही है। कोरोना से छह मरीजों की मौत हो गई। हालांकि संक्रमण दर में काफी गिरावट दर्ज हुई है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, मंगलवार को कोरोना के 1095 नए मामले सामने आए। वहीं 1106 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर छुट्टी दी गई। वहीं छह मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली में सोमवार को 4815 जांच हुई, जिसमें 22.74 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में अभी संक्रमण दर में आई गिरावट के बाद कोरोना के एक्टिव केस घटकर 4995 रह गए हैं।

# महिला पहलवानों की एफआईआर दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच की जरूरत

## दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले पर दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि हमें एफआईआर दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच की जरूरत है। इसके बावजूद अगर कोर्ट बिना इसके ही एफआईआर दर्ज करने को कहता है, तो हम एफआईआर दर्ज करेंगे। सॉलिसिटर जनरल की इस दलील पर चीफ जस्टिस ने कहा कि बिना कोई पुख्ता तथ्य के हम



कोई ऐसा आदेश पास नहीं करते। ये एक मामला है, जिसमें पीड़ित नाबालिग भी है। आपको जो भी कहना है, 28 अप्रैल को सुनवाई के दौरान अपनी बात रखें। याचिकाकर्ता महिला पहलवानों की ओर से कपिल सिब्बल ने कहा कि हम भी नया हलफनामा दायर करेंगे। इस मामले पर 25 अप्रैल को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। सात खिलाड़ियों ने याचिका दायर कर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को देखने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। मुक्केबाज मेरीकॉम उस कमेटी का नेतृत्व कर रही हैं जो पहलवानों के आरोपों की जांच के लिए गठित की गई है। जनवरी में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों और कोचों ने बृजभूषण सिंह पर आरोप लगाते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन दिया था। इसके बाद केंद्रीय युवा और खेल मंत्रालय ने आरोपों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। एक नाबालिग समेत सात पहलवानों ने 21 अप्रैल को कनाट प्लेस थाने में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हाल ही में ये पहलवान फिर से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गए।

### जिरह

**= एक नाबालिग समेत सात पहलवानों ने 21 अप्रैल को कनाट प्लेस थाने में बृजभूषण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी**

## न्यूज फ्लैश

### अंडर पास निर्माण संघर्ष समिति का धरना 85 वें दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** मण्डी अटेली अण्डरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना आज 85 वें दिन भी जारी रहा। आज की धरने की अध्यक्षता नरेन्द्र यादव व संचालन डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब तोबड़ा ने किया।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 19 अप्रेल को रेलवे कोरिडोर डीएफसीसीआईएल के परियोजना कार्यालय के सीजीएम अनुराग शर्मा से मिले आश्वासन व सकारात्मक वार्ता की क्रियान्विति तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों का बहादुराना संघर्ष बारिश, तेज तूफान वअन्धड़ तथा तपती लू व भीषण गर्मी में प्रतिकूल मौसम में भी ग्रामीणों के हौसले बुलंद हैं । आज के धरने पर सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सुबे सिंह, धनश्याम जांगड़ा, हनुमान शर्मा पूर्व सरपंच,जयसिंह, कृष्ण कुमार, मामचंद शर्मा, बाबूलाल जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### एजुसैट चौकीदारों के लिए बजट जारी करने हेतु ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच व एआईयूटीयूसी की ओर से हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के राज्य महासचिव मास्टर सुबे सिंह के नेतृत्व में शिक्षा सदन निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी पंचकूला कार्यालय में एजुसैट चौकीदारों के बजट आवंटन शाखा के सुपरिटेंडेंट को एजुसैट चौकीदारों के लिए मार्च 2023 का बजट आवंटित किए जाने बाबत ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने शीघ्र बजट आवंटित किए जाने का आश्वासन दिया।

एजुसैट स्कूल चौकीदार यूनियन हरियाणा के जिला सचिव छाजूराम रावत ने देते हुए कहा कि इस अवसर पर एआईयूटीयूसी के राज्य कमेटी सदस्य राजकुमार बांसिया भी उपस्थित थे।

### वी के रु 368 और रु 369 के मासिक रीचार्ज पेश करते हैं 2 जीबी डेली डेटा

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, वी लेकर आए हैं, एंटरटेनमेन्ट से भरपूर दो रीचार्ज, जो देश भर के प्रीपेड यूजर्स को एंटरटेनमेंट से भरपूर बेजोड़ अनुभव प्रदान करेंगे। ये प्लान 1 महीने की वैलिडिटी के साथ आते हैं तथा अनलिमिटेड कॉल्स, 100 एसएमएस/ प्रतिदिन, ओटीटी फायदे और रोजाना 2 जीबी डेली डेटा के फायदे देते हैं। वी का रु 368 का रीचार्ज प्रीपेड यूजर्स को टीवी और मोबाइल पर सननेक्स्ट का सब्सक्रिप्शन देता है, इसके साथ वे तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड, मराठी और बंगला में सर्वश्रेष्ठ रीजनल फिल्मों, टीवी शोज, म्युजिक वीडियोज की व्यापक रेंज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके साथ रोजाना 2 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स और 100 एसएमएस रोजाना के फायदे तो मिलते ही हैं। इस पैक के टेल्को एवं नॉन-टेल्को फायदों की वैलिडिटी 30 दिन है। वहीं दूसरी ओर वी के रु 369 रीचार्ज के साथ प्रीपेड यूजर्स 30 दिनों के लिए सोनी लिव के कंटेंट, मोबाइल के जरिए लाईव स्पोर्टिंग एक्शन तथा रोजाना 2 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स और 100 एसएमएस रोजाना के फायदे पा सकते हैं। इस रीचार्ज के साथ वी के यूजर सोनी लिव के लोकप्रिय ओरिजिनल्स, मुवीज, शोज, लाईव स्पोर्ट्स, एक्सक्लुजिव कंटेंट का लुत्फ उठा सकते हैं। स्पोर्ट प्रॉपर्टीज की बात करें तो यूईएफए चैम्पियन्स लीग, डब्ल्यूडब्ल्यूई, बुंदेसलिगा, यूएफसी से लेकर ओरिजिनल्स जैसे स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी, महारानी, रॉकेट ब्वॉयज, गुल्लक; रीजनल कंटेंट गार्गी सैल्युट, कानीक्काने, शांतिक्रांति और जेम्स; इंटरनेशनल शोज जैसे द गुड डॉक्टर, एक्यूज्ड, लकी हैंक, अ डिस्कवरी ऑफ विचेज और ऑस्कर विजेता फिल्मों जैसे एवरीथिंग एवरीकेयर ऑल एट वंस, द व्हेल का आनंद उठा सकते हैं। सोनी लिव सभी आयुवर्गों के दर्शकों के लिए आकर्षक कंटेंट की व्यापक रेंज लेकर आता हैं। सही मायनों में अनलिमिटेड डेटा का अनुभव प्रदान करने वाले वाले वी के नए रु 368 और रु 369 के पैक बिना किसी अतिरिक्त लागत के कई अन्य फायदे भी देते हैं जैसे 200 जीबी तक वीकेंड डेटा रोलओवर, रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक नाईट अनलिमिटेड डेटा। ये रीचार्ज प्लान वी एमटीवी ऐप पर वीआईपी सब्सक्रिप्शन भी प्रदान करते हैं। यूजर वी मुवीज एवं टीवी ऐप (वी एमटीवी) और वी ऐप के माध्यम से रिच कंटेंट लाइब्रेरी को एक्सेस कर सकते हैं। वी एमटीवी 450 से अधिक लाईव टीवी चैनल्स, लाकप्रिय लाईव न्यूज चैनल्स तथा प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे शेमारो, लायन्सगेट, जी5 अतरंगी, हंगामा प्ले, डिस्कवरी आदि का एक्सेस भी देता है।

### विदेश भेजने के नाम पर जनसुई की पुष्पा से लाखों ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**विदेश** भेजने के नाम पर लाखो रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। गांव जनसुई की रहने वाली पुष्पा से 8.80 लाख रुपए हड़प लिए। महिला की मुंबई निवासी जोया से फोन पर बातचीत हुई थी। दिल्ली हुई मुलाकात के दौरान 30 लाख रुपए में कनाडा भेजने की डील हुई, लेकिन 8.80 लाख रुपए हड़पने के बाद भी जब टिकट और वीजा नहीं दिया तो फ्रॉड का पता चला।

# हादसे को न्यौता दे रहे ओवरलोड डम्फर

## उदेशीपुर से शहर के अन्दर से खुले आम गुजर रहे है ओवरलोड डम्फर, पुलिस मौन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अगवानपुर रेलवे फाटक** से शहर की तरफ आने वाले ओवर लोड मिट्टी के डंफरों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए एसडीएम अनुपमा मलिक ने बताया कि ओवरलोड हाईवा पर कार्रवाई के लिए आरटीओ को पत्र लिखा जाएगा। जल्दी ही कार्रवाई होगी। ज्ञात रहे कि अगवानपुर फाटक व शहर से गुजरने वाले ओवरलोड डम्फरों से वाहन चालक परेशान है। पुलिस का इस तरफ कोई ध्यान नही है। जब कि पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार मुरथल पुलिस ने 24 अप्रैल को



स्पेशल अभियान के अंतर्गत यितायात नियमों की उल्लंघना करने, ओवर स्पीडिंग व अंडर ऐज ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 25 ओवर स्पीडिंग व 18 अंडर ऐज ड्राइविंग के चालान किये गए हैं। वही शहर के लोगों का आरोप है कि राजनेताओं से आशीर्वाद प्राप्त ओवरलोड मिट्टी के डम्फर चालकों को गन्नौर में पुलिस व प्रशासन का कोई भय नही है। क्योंकि प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती और पुलिस भी अब अनदेखी कर रही है।

वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि प्रतिदिन अगवानपुर की तरफ से काफी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों और डंफरों में मिट्टी ढोई जाती है। हवा में उड़ती मिट्टी पूरा दिन उनकी दुकानों के आगे गिरती है। इससे बीमारियां भी फैल रही है। दुकानदारों का कहना कि कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं वहीं पुलिस भी इन ओवर लोड वाहनों के चालान नहीं कर रही है। दुकानदारों ने उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### तिरपाल ढककर जे लानी चाहिए मिट्टी को

**वाहन चालकों** व शहर के लोगों का तर्क है कि यदि ये वाहन चालक मिट्टी को ले जाते हैं तो उसे तिरपाल से जरूर ढका जाना चाहिए, साथ ही उसे पानी से गीला करना चाहिए ताकि वह धूल बनकर उड़े ना। इससे दुकानों के आगे भी धूल जमा नहीं होगी और वहीं दुपहिया व अन्य वाहन चालक भी परेशान नही होंगे। सुबह के समय अक्सर रेलवे फाटक बंद रहती है और वे खुलने के बाद इतना भी इंजतार नही करते की छोटे वाहन चालक निकल जाए। उसके बाद ही ओवरलोड डम्फर को चलाया जाए। जिससे हादसा होने का भय रहता है। उनका कहना कि अगर उनकी स्पीड़ नही रूकी तो कोई हादसा हो सकता है और जिम्मेदार पुलिस व प्रशासन होगा।

# वाईस चेयरमैन सुरेश मलिक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**जिला** परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक ने सनौली खुर्द स्थित बीडीपीओ कार्यालय में विभिन्न गांवों से आये ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही ज्यादातर का संबंधित अधिकारियों को फोन करके समाधान करवा दिया गया। वहीं सुरेश मलिक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि जिला परिषद के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य करवाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिलाभर से कोई भी ग्रामीण अपनी समस्या लेकर उनसे कभी भी मिल सकते है और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर बापौली ब्लाक समिति के चेयरमैन जोनी रावल, सनौली खुर्द ब्लाक समिति चेयरपर्सन दीपा फौर के पति सुनील फौर, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन खेडा, जलालपुर प्रथम सरपंच प्रतिनिधि सुशील रावल आदि मौजूद रहे।

# हाथ में कटोरा लेकर वोट मांग रहे पवन



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**मतदाताओं को** रिझाने के लिए प्रत्याशी अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। नगर निगम मथुरा वृंदावन के नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 54 से पार्षद पद के लिए रालोद सपा गठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी पवन अग्रवाल को चुनाव चिन्ह तो हैण्डपम्प आवंटित हुआ है लेकिन वह अपने समर्थकों के साथ हाथ में कटोरा लेकर मतदाताओं से वोट की भीख मांग रहे हैं। समर्थक भी साथ में हाथ में कटोरा लेकर चल रहे हैं। लोगों को प्रत्याशी का यह अंदाज पंसद आ रहा है और इसकी चर्चा कर रहे हैं। पवन अग्रवाल का कहना है कि वह घर घर जाकर वोट की भीख मांग रहे हैं। उन्हें आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का विकास कराएंगे और लोगों की मदद में हर समय खडे नजर आएंगे। पूर्व में वार्ड नम्बर 54 से पार्षद रह चुकीं ऊषा अग्रवाल के पति पवन अग्रवाल इस बार भाग्य अजमा रहे हैं। पत्नी के कराए गए विकास कार्यों को भी गिना रहे हैं। उर्षा अग्रवाल भी अपने पति के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रही हैं। आशापुरी में लोगों ने पवन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी उषा अग्रवाल माला पहना कर स्वागत किया गया।

# सरसेहड़ी में सरकारी स्कूल का लेंटर तोड़ते हुए 3 मजदूर घायल

**टीम एक्शन इंडिया /अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला कैंट एरिया में सरकारी स्कूल की छत का लेंटर गिर गया जिसमें 3 मजदूरों को गंभीर चोटें आई है। घायल अवस्था में मजदूरों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल अंबाला कैंट पहुंचाया गया है। यहां तीनों मजदूरों का इमरजेंसी में उपचार चल रहा है। इनमें से एक मजदूर की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव सरसेड़ी के सरकारी स्कूल में पुरानी बिल्डिंग तोड़ने का काम चल रहा था। इस बिल्डिंग को विभाग द्वारा कंडम घोषित कर दिया है। जबकि स्कूल दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट है। यहां काम करते हुए अचानक लेंटर गिर गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ नवीन नैन भालसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत** के डा. नवीन नैन भालसी को अंतरराष्ट्रीय मन्दिर प्रबंधक परिषद का हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। डा. नवीन नैन भालसी की नियुक्ति केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के पुत्र भाई प्रबल प्रताप सिंह तोमर और भाई दीप सिहाग सिसाय महासचिव ने की है। इस मौके पर प्रबल प्रताप सिंह तोमर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मन्दिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द गोपाल गुप्ता है जोकि यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री है। इस परिषद का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू सभ्यता के अनुसार मंदिर प्रबंधक व मंदिरों के सुधारीकरण के साथ-साथ एक डिजिटल



प्लेटफॉर्म पर सांचा तैयार करना है। वहीं डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के माध्यम से हम हरियाणा के प्रत्येक जिला में सभी मंदिरों में जाकर उनकी समस्याओं व सुधार करने के लिए एक संगठन तैयार करेंगे व समाज में फैली कुरीतियों को भगवान की आस्था के माध्यम से मंदिरों की तरफ प्रेरित करके दूर करने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिरों व पुजारियों को आज के आधुनिक डिजिटल समय के अनुसार मंदिरों को भी डिजिटल करने का काम करेंगे।

# रोडवेज के पानीपत डिपो में शामिल हुई 50 नई बसें

## विधायक प्रमोद विज एवं डीसी वीरेंद्र दहिया ने हरी झंडी दिखाकर किया नई बसों को रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**रोडवेज के** पानीपत डिपो को बुधवार को 50 नई बसें मिल गई हैं। पानीपत डिपो से पहले फेज में बुधवार को 10 नए राज्य और अंतर-राज्य रूटों पर बसों को शहरी विधायक प्रमोद विज, डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया व सांसद पुत्र चांद भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन 10 नए रूटों में पानीपत से वायां मथुरा होते हुए मेहंदीपुर बालाजी, यूपी के रामपुर, राजस्थान के जयपुर, अलवर होते हुए तिजारा और पानीपत से चंडीगढ,



यमुनानगर, दिल्ली, कैथल, पटौदी, रेवाड़ी, नारनौल व सिरसा में डबवाली तक नई बसें चलाई गई है। वहीं शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि हरियाणा में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर परिवहन सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने परिवहन बेडे में बसों की संख्या बढ़ाना मुख्यमंत्री मनोहरलाल का बड़ा ही सराहनीय कदम है। डीसी वीरेंद्र दहिया ने बताया कि इन नई बसों में यात्रियों की जानकारी के लिए गंतव्य बोर्ड, वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, केन्द्रीय मोटर वाहन नियम के अनुसार पैनिक बटन और एयर प्रेशर वाले फ्रंट सर्विस दरवाजे जैसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं। वहीं जीएम रोडवेज कुलदीप जांगडा ने बताया कि स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में पढ? वाली छात्राओं व महिलाओं के लिए भी पांच नई बसें शुरू की हैं। नई बसों को रवाना करने से पहले विधायक प्रमोद विज व डीसी वीरेंद्र दहिया ने बसों में अंदर जाकर उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, सांसद पुत्र चांद भाटिया, रोडवेज वर्कशॉप मैनेजर रमेश कुमार, ट्रैफिक मैनेजर पंकज पुनिया सहित डिपो के अन्य अधिकारी व कर्मचार मौजूद रहे।

फोटोः 26 पीएनपी 2पी- पानीपत बस अड्डे पर विधायक प्रमोद विज व डीसी वीरेन्द्र दहिया नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# साधु का भेष बनाकर भरत कॉलोनी की नीलम से सोने की चेन व नकदी ठगी

**8 साधु कहने लगे कि हम तेरे पति को ठीक करने का उपाय कर देते हैं। 100 प्रतिशत ठीक हो जाएगा। उन्हें कुछ नहीं चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) साधु के** भेस बनाकर ठगों ने भरत कॉलोनी की रहने वाली महिला नीलम से 2500 रूपए नकदी व सोने की चेन ठग ली। पुलिस को दी शिकायत में नीलम ने बताया कि गत दिवस दोपहर साढ़े 12 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। इसी बीच 2 साधुओं ने उसके घर का गेट खटखटाया। जब उसने गेट खोला तो साधुओं ने चाय पिलाने की बात व दक्षिणा लेने की बात कही। उसने बताया था कि उसका पति पैरालिसिस से पीड़ित हैं। यह बात सुनकर साधु कहने लगे कि हम तेरे पति को ठीक करने का उपाय कर देते हैं। 100 प्रतिशत ठीक हो जाएगा। उन्हें कुछ नहीं चाहिए। आपकी श्रद्धा है जो देना है। लेकिन हमें चाय जरूर पीला दो। महिला ने बताया कि वह उनकी बातों में फंस गई और दोनों को चाय बना कर दे दी। इस दौरान दोनों साधुओं ने उसको अपने पास में बैठा लिया और उसके सिर में पानी छिड़क दिया। उसके गले में पहनी सोने की चेन और 2500 रुपए मांगे। जब उसने पूछा तो बोले कि उपाय करेंगे। कुछ देर के लिए चाहिए यह आपके पास ही रहेगी। साधुओं ने उसके सिर पर पानी छिड़का और सोने की चेन व 2500 रुपए को लाल कपड़े में रखकर 100 गांठ बांध दी। और खाली कपड़े की गांठ बंधी उसे थमा दी। इसके बाद शातिर ठगों ने कहा कि इसे अपने घर में रख दो।

### यूजीसीए ने प्रीडेटर एलेवन को 8 विकेट से हराया

### यश चनपुरिया ने 103 रनों की शानदार पारी खेली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रॉयल** स्पोर्ट्स एकेडमी घेवरा में दिलीप मेमोरियल ओपन कैश प्राईज टूर्नामेंट द्वारा आयोजित लीग मैच में यूजीसीए ने प्रीडेटर एलेवन को 8 विकेट से हरा दिया। यश चनपुरिया ने 103 रनों (65 बॉल, 2*6,4*14) की शानदार पारी खेली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिव्यांशु की 77 रनों की बदौलत प्रीडेटर एलेवन ने 34.4 ओवर में 161 रन ही बना सकीं। प्रीडेटर एलेवन का और कोई भी बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर सका। जवाब में यूजीसी ने 22.3 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। आपको बता दें कि यश चनपुरिया को उनके शानदार बैटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# 'लाइन लॉस को सिंगल डिजिट में लेकर आना लक्ष्य'

## पावर वितरण कंपनियां राष्ट्रीय स्तर पर ए प्लस ग्रेड में : रणजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा बिजली निगम की पावर वितरण कंपनियों ने अपने बेहतर कार्य की बदौलत राष्ट्रीय स्तर पर ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विकास परक सोच के चलते आज हरियाणा बिजली निगम देश में दूसरे स्थान पर है। बिजली मंत्री आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की बैठक के

**8 पहले लाइन लॉस 31 प्रतिशत था। सरकार की नीति के बदौलत आज लाइन लॉस 11 प्रतिशत है।**

बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बिजली मंत्री ने कहा कि पहले लाइन लॉस 31 प्रतिशत था। सरकार की नीति के बदौलत आज लाइन लॉस 11 प्रतिशत है। अब हमारा लक्ष्य लाइन लॉस को सिंगल डिजिट में लाने का है। बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि म्हारा गांव जगमग गांव योजना से भी लाइन लॉस में कमी आई है। उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए निगम की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जहां भी ट्रांसफार्मर व पुरानी तारों को बदलने की जरूरत है उन्हें बदला जा रहा है। गर्मी में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। हरियाणा में बिजली खपत के अनुसार ही सरकार ने पूरे इंतजाम किए हैं। बेमौसम बारिश से व ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा वितरण के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में बिजली मंत्री ने कहा कि हरियाणा देश में सबसे अधिक मुआवजा देने वाला प्रदेश है। आगामी मई माह में मुआवजा वितरण का कार्य शुरू हो जाएगा। किसानों की फसल को सुरक्षा चक्र में बांधने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई हुई है। जिन किसानों ने बीमा नहीं करवाया हुआ है उन्हें ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा दिया जाएगा।

# बार एसो. ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

## एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद व ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रैट प्रथम श्रेणी पुनीत लिंबा ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**बार एसोसिएशन** गन्नौर के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के सभागार में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद व ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रैट प्रथम श्रेणी पुनीत लिंबा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी, सचिव जितेन्द्र ढांगी आदि सदस्यों ने एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद व ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रैट प्रथम



श्रेणी पुनीत लिंबा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन एडवोकेट सुरेश अत्री ने किया। एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद ने संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी। परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है। एडवोकेट विवेक गौड ने कहा कि परशुराम जयंती एक महत्वपूर्ण अवसर है जो भगवान परशुराम के जीवन और शिक्षाओं का जश्न मनाता है । यह भक्तों के लिए उनका आशीर्वाद लेने और धार्मिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का अवसर है।

**8 अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी। परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे**

इस मौके पर अधिवक्ता मुकेश कौशिक, जयभगवान त्यागी, रविन्द्र शर्मा, बिजेन्द्र राठी, विद्यासागर कौशिक आदि ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य बहुत ही स्पष्ट होना चाहिए: ब्रह्माकमारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**मुरलीधर** डी ए वी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय #16 कंच घर द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित वाई 20 का कार्यक्रम किया गया। जिसमें एमबीबीएस डॉ भावना जो हीलिंग टच हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह मुख्य अतिथि थी। इस प्रोग्राम में ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने वाई 20 के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया और बताया वाई 20 एक ऐसा शक्तिशाली देशों का ग्रुप है जो समूह में सारे निर्णय लेता है

**8 तो क्यों ना हम भी ऐसा बनकर दिखाएं कि हमारा भारत फिर से विश्व गुरु की उपाधि प्राप्त कर ले**

और इस वर्ष वाई 20 की प्रेसिडेंसी भारत को मिली है जिसके अंतर्गत 20 के प्रोग्राम किए जा रहे हैं। ब्रह्मा कुमार नीरज भाई ने संस्था का परिचय दिया और बताया कि एकमात्र ब्रह्माकुमारी संस्था ऐसी है जो बहनों द्वारा चलाई जाती है।

इसी के साथ ब्रह्माकुमार अरुण भाई ने बोला कि हमें अपने जीवन का लक्ष्य बहुत ही स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि अगर मेरे जैसे सौ युवा भी मिल जाए तो भारत को बदल सकते हैं।

तो क्यों ना हम भी ऐसा बनकर दिखाएं कि हमारा भारत फिर से विश्व गुरु की उपाधि प्राप्त कर ले, आज के समय में ज्यादातर बच्चे अपना समय डिजिटल मीडिया पर अपना समय व्यर्थ गवां रहे हैं

क्यों ना आप अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचाने और भारत को बदलने में अपना योगदान दें।

# सिविल लाईन जोन के डीसी बीपी भारद्वाज ने किया दौरा

## आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि कम्पैक्टर और लाइब्रेरी खुलवाने हेतू क्षेत्र में करवाया गया सिविल लाईन जोन के डीसी बीपी भारद्वाज का दौरा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नम्बर-18 के जहांगीर पुरी के आई और जे ब्लॉक का सिविल लाईन जोन के डीसी बीपी भारद्वाज ने दौरा किया। इस मौके पर जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि सफाई व्यवस्था के निरीक्षण एवं कम्पैक्टर और लाइब्रेरी खुलवाने हेतू सिविल लाईन जोन के डीसी बीपी भारद्वाज ने दौरा किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस दौरान निगम प्रतिभा विद्यालय आई ब्लॉक का भी निरीक्षण किया गया। वहां पर जो भी समस्याएं थी वह डीसी साहब को दिखाई गई। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर सुरेश शर्मा के अलावा आप नेता अनुज सिंह भी मौजूद रहे।

# बादल साहब हमेशा सबको साथ लेकर चलते थेः कालका, काहलों





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब की राजनीति के स्तंभ रहे सरदार प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। आज यहां जारी एक बयान में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि सरदार प्रकाश सिंह बादल न केवल पंजाब बल्कि देश में सिख राजनीति के स्तंभ थे।

# केजरीवाल सरकार ने किया पशु कल्याण बोर्ड का गठनः गोपाल राय

**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**दिल्ली** के विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग के अधिकारियो के साथ दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में पशुओं की बेहतरी के लिए दिल्ली पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। 19 वर्गों में विभाजित कुल 27 सदस्य पशु कल्याण बोर्ड में शामिल किए गए है। यह बोर्ड दिल्ली में पशुओ के प्रति होने वाली क्रूरता की रोकथाम, देख-रेख आदि के लिए कार्य करेगी। साथ ही दिल्ली के प्रत्येक जिले में पशु कल्याण कार्यो में शामिल संगठनो को वित्तीय और तकनीकी सहायता भी बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी।



इसके साथ-साथ दिल्ली के पहले पशु चिकित्सा कॉलेज के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश जारी किए गए है। पशु चिकित्सा कॉलेज का निर्माण दिल्ली के सतबरी में 56 एकड़ में किया जाएगा। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों के साथ-साथ दिल्ली में रहने वाले पशुओ के कल्याण के लिए कार्य करने में भी हमेशा कृतसंकल्प रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में पशुओं की बेहतरी के लिए पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है।
पशु कल्याण बोर्ड दिल्ली में पशुओ के प्रति क्रूरता की रोकथाम, देख-रेख आदि के लिए कार्य करेगा। साथ ही दिल्ली के 11 जिलों में पशु कल्याण कार्यो में शमिल संगठनो/ निकायों को दिशानिदेर्शों सहित वित्तीय और तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा। इसके लिए यह बोर्ड शासन निकाय के रूप में कार्यरत रहेगा। 19 वर्गों में विभाजित 27 सदस्यों के इस पशु कल्याण बोर्ड में दिल्ली विधानसभा के विधायक, राज्य में पशु कल्याण कार्यो में सक्रिय रूप से कार्यरत लोग, सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारी, एसपीसीए, गौशालाओ और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल किए गए है। उन्होंने बताया कि यह बोर्ड पशु कल्याण से संबंधित कानूनों का दिल्ली में सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने और इस कार्य से जुड़ी संस्थाओं की मदद करने का कार्य करेगा।
**दिल्ली के पहले सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज के निर्माण की तैयारियाँ हुई तेजः** दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि पशु चिकित्सा विज्ञान आने वाले समय की एक बड़ी आवश्यकता है क्योंकि यह न केवल मवेशियों और घरेलू जानवरों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है।

# कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम से मनाया पूर्व निगम प्रत्याशी अशोक यादव का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के ब्लॉक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर भलस्वा वार्ड के पूर्व कांग्रेस निगम प्रत्याशी अशोक यादव का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कई लोगों ने अशोक यादव को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्य की कामना की। इस मौके पर सूरज भान, ननवा प्रधान, सूरज कांत शुक्ला, ओंकार ढ़िगिया, सुमन खान, मिस्टर भसीन, मोहरम, कालीचरण, राहुल कुमार, मनोज कुमार, दिलीप, जावेद, रिंकू सहित कई गणमान्य लोगों ने अशोक यादव को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर लोगों ने कहा कि अशोक यादव बड़े ही अच्छे व्यक्ति है, मैं इन्हें तहेदिल से जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर अशोक यादव ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उनका धन्यवाद करता हूं।



शालीमार बाग के बीके-2 ब्लॉक में निगम कर्मचारी लोगों को जागरूक करते हुए साथ में है समाज सेवी सत्यपाल शर्मा।

## छह साल की बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में कैब ड्राइवर गिरफ्तार


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** पूर्वी जिले के शाहीन बाग इलाके में 6 वर्ष की बच्ची के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है।
बताया जा रहा है कि बच्ची के साथ छेड़खानी की वारदात एक कैब ड्राइवर ने की है। पूरे मामले में दक्षिण पूर्वी जिले के शाहीन बाग थाने की पुलिस टीम ने आईपीसी की धारा-376 और 6 पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपित कैब ड्राइवर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि शाहीन बाग इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी छह वर्षीय बेटी डिफेंस कॉलोनी स्थित एक स्कूल में पढ़ती है।
स्कूल आने-जाने के लिए उन्होंने किराए पर एक कैब कर रखा है। कैब ड्राइवर का नाम अजहर है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी ने बताया कि कैब ड्राइवर अजहर उसके प्राइवेट पार्ट को छूता है और यह काम वो बीते एक साल से कर रहा है।
इसके बाद बच्ची के परिजनों के होश उड़ गये। उन्होंने आनन-फानन में इसकी शिकायत पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने इस पूरे मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## इस्मा ने चीनी उत्पादन का अनुमान 3.5 फीसदी घटाकर 328 लाख टन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में चीनी का उत्पादन कम होने का अनुमान है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सितंबर में समाप्त होने वाले चालू चीनी विपणन वर्ष के लिए चीनी उत्पादन के अपने अनुमान को 3.5 फीसदी घटाकर 328 लाख टन कर दिया है। इस्मा ने पहले 340 लाख टन चीनी के उत्पादन का अनुमान जताया था।
उद्योग निकाय इस्मा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि चालू चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में चीनी उत्पादन 3.5 फीसदी घटकर 328 लाख टन रहने का अनुमान है। इस्मा के मुताबिक चीनी विपणन वर्ष 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 121 लाख टन के पहले के अनुमान से घटकर 105 लाख टन तक रहने की वजह से कुल चीनी उत्पादन के अनुमान में संशोधन किया गया है। इस्मा के मुताबिक इथेनॉल उत्पादन के लिए करीब 40 लाख टन गन्ना शीरे के इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए चीनी विपणन वर्ष 2022-23 के लिए चीनी उत्पादन के अनुमान को संशोधित कर 328 लाख टन किया गया है। उद्योग निकाय ने जनवरी में इथेनॉल के लिए 45 लाख टन गन्ना शीरे के इस्तेमाल को ध्यान में रखने के बाद कुल 340 लाख टन चीनी के उत्पादन का अनुमान जताया था। हालांकि, पिछले चीनी विपणन वर्ष 2021-22 में इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के उपयोग के बाद चीनी का उत्पादन 358 लाख टन रहा था। उद्योग निकाय के मुताबिक महाराष्ट्र में गन्ने के पेराई का सत्र लगभग 105 लाख टन चीनी उत्पादन पर समाप्त हो गया है, जो हमारे पहले के अनुमान से कम है। वहीं, उत्तर प्रदेश में चीनी विपणन वर्ष 2022-23 के लिए चीनी के उत्पादन को पहले के अनुमानित 101 लाख टन से संशोधित कर 105 लाख टन कर दिया गया है।

# गोकलपुरी विधानसभा क्षेत्र में 800 युवक-युवतियों को प्रदान किया गया सीपीआर प्रशिक्षण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के गोकल पुर विधान सभा स्थित गोकल पूरी में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा पदमश्री डॉ के.के. अग्रवाल की संस्था हार्ट केयर फाउंडेशन के माध्यम से सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सहयोग कम्युनिटी वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय डी ब्लॉक का रहा। जिनके सहयोग से 800 युवक, युवतियों को सीपीआर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक मोहित कुमार ने बताया कि यह इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक है, जिसके जरिए किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुक जाने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डिएक अरेस्ट होता है। कार्डिएक अरेस्ट के दौरान, हृदय मस्तिष्क और फेफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त संचार रुक जाता हैं। उपचार के बिना मृत्यु मिनटों में हो सकती है। सीपीआर में मरीज की छाती पर दबाव बनाया जाता है जिससे रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। आज बढ़ते हुए हृदय घात को देखते हुए प्रतिष्ठा युवा संगठन अन्य संस्थाओं एवं स्कूलों में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवा रहा हैं जिसके लिए एक नारा भी दिया है सीपीआर का प्रशिक्षण हर किसी के लिए जरूरी हैं आइए कदम बढ़ाए। हर किसी को सीपीआर सिखाएं। जिससे जरुरत पढ़ने पर अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यो एवं अन्य व्यक्ति की जान बचाई जा सकें।

# प्रधानमन्त्री के मन की बात कार्यक्रम भाजयुमो फरीदाबाद के सभी मंडलों में किये जाएंगे: राहुल राणा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यकारिणी बैठक भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य तौर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्तिथ रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 100वी मन की बात कार्यक्रम सभी



मंडलों में करना तथा एक बूथ एक यूथ तैयार करने का कार्य करना है और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की । राहुल राणा ने फरीदाबाद जिले को पूरे हरियाणा प्रदेश में सदस्यता अभियान में नंबर वन का दर्जा देते हुए कहा कि जिस प्रकार फरीदाबाद ने 42000 सदस्यता करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है उसी प्रकार पहले भी प्रदेश द्वारा दिए गए सभी कार्य पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूर्ण किए हैं तथा उन्होंने जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला की पीठ थपथपाते हुए कहा कि जो भी साथी आने वाले नगर निगम चुनाव में चुनाव लड ?ा चाहते हैं मैं और युवा मोर्चा की पूरी टीम उसका समर्थन करेगी तथा उसकी मदद भी करेगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी युवा मोर्चा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी भव्य कार्यकारिणी बैठक और जिला प्रशिक्षण शिविर करते रहने चाहिए ताकि युवाओं में जोश जगे और वह सरकार की रीति नीतियों को लोगों तक पहुंचा सके क्योंकि आज का युवा ही कल का आने वाला समाज का नेता होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला ने युवा मोर्चा के अपने 2 साल के कार्यकाल में अभी तक की उपलब्धियां गिनाई तथा बताया कि कैसे फरीदाबाद युवा मोर्चा 'झंडे में डंडे का काम कर रहे हैं । इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र चौधरी, कुशल ठाकुर, विशेष आमंत्रित सदस्य संदीप शर्मा, शोभित अरोरा, जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा, सचिन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष योगेश तेवतिया, कार्तिक वशिष्ठ, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, मनीष सिंह, जिला सचिव कृष्ण आर्य, पूर्व भडाना, अमित महेंद्रु, आदेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी गौतम भड़ाना, कार्यालय सचिव धर्मेंद्र भाटी, आईटी प्रभारी समीर टंडन, अनिकेत सिंह, सविता चौहान, हिमांशी वर्मा व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण एवं विशेषता पर कार्यशाला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

इलेक्ट्रॉनिक सामग्री एवं उपकरणों के निर्माण और विशेषता तकनीक पर पांच दिवसीय कार्यशाला (मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम) आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में शुरू हो गई। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग के अंतर्गत 'प्रज्ञानम सोसायटी के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति सीरी पिलानी, सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग सेवाएं, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. आर.के.



गर्ग की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. अनुज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और पांच दिवसीय कार्यशाला के विविध विषयों से परिचित कराया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने समाज और देश के हित में शोध एवं नवीन सामग्री विकसित करने में ऐसी कार्यशालाओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विज्ञान और इंजीनियरिंग विभागों के सहयोग से आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में नये उपकरण निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच कैट ने भीख मांगते 2 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में के समक्ष किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश व ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने फरीदाबाद से भीख मांगने वाले 2 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए परिजनों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट द्वारा फरीदाबाद के पी.पी.नम्बर-3 एरिया से भीख मांगते हुए 2 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। दोनों बच्चों की उम्र क्रमशः 11,12 वर्ष है। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को खाना पीना खिलाया गया और उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सामने आया कि दोनों बच्चों के माता-पिता को बाल कल्याण समिति की सहायता से काउंसलिंग कर सूचित किया है। परिजनों को हिदायत देते हुए सकुशल हवाले किया है।

### गुरुग्राम के मणिपाल हॉस्पिटल्स ने यदुवंशी हॉस्पिटल, रेवाड़ी में कार्डियक केयर ओपीडी का आयोजन किया

**रेवाड़ी** : देश भर में रोगियों को अपनी स्वास्थ्य सेवाएं देने की लगातर कोशिश करते हुए गुरुग्राम का मणिपाल हॉस्पिटल रेवाड़ी के यदुवंशी हॉस्पिटल के साथ मिलकर रेवाड़ी में कार्डियोवैस्कुलर ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने जा रहा है। मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीटीवीएस के प्रमुख डॉ मनमोहन सिंह चौहान 27 अप्रैल 2023 को रेवाड़ी और उसके आसपास के इलाकों के निवासियों की जांच करने और उनको सलाह देने के लिए रेवाड़ी आएंगे। वह यदुवंशी हॉस्पिटल, महाराणा प्रताप चौक, मॉडल टाउन, रेवाड़ी, हरियाणा में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।रेवाड़ी में हृदय रोग बहुत बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिसमें विभिन्न हृदय समस्याओं से पीड़ित रोगियों की एक बहुत बड़ी संख्या है। खराब जीवनशैली के कारक जैसे स्वास्थ को नुकसान पहुंचाने वाला आहार लेना, शारीरिक गतिविधि की कमी, और धूम्रपान इस क्षेत्र में हृदय रोग के बढ़ने में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहे है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित पहुंच और निवारक उपायों के बारे में लोगों में जागरूकता की कमी इस चुनौती को और भी बढ़ा देती है। हृदय रोग को रोकने के लिए यह जरूरी है कि लोगों को अपने जीवन में कुछ काम जरूर करने चाहिए जैसे कि नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराना, स्वस्थ जीवन शैली की आदतें और सही समय पर इलाज कराना।इस समस्या को संबोधित करते हुए मणिपाल हॉस्पिटल के हेड और कंसल्टेंट कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा, "जब कार्डियोवैस्कुलर बीमारी की बात आती है तो इसको रोकना बहुत जरूरी है। नियमित रूप से जांच कराना, स्वस्थ आहार लेना और व्यायाम करना इसके जोखिम को कम करने में काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, यदि फिर भी आप को कार्डियोवैस्कुलर बीमारी हो जाती है, तो शुरू में ही इसे पहचान लेने से और समय पर इलाज करके इस रोग का निदान काफी हद तक किया जा सकता है।"इस ओपीडी सेवा के लॉन्च के साथ, मणिपाल हॉस्पिटल्स गुरुग्राम का लक्ष्य रेवाड़ी और उसके आस-पास के इलाकों के लोगों का बेहतरीन तरीके से इलाज करना है ताकि उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के स्थानों पर न जाना पड़े। विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम होने के अलावा, यह हॉस्पिटल नवीनतम तकनीकों से भी लैस है जो चुनौतीपूर्ण मामलों के निदान करने, रोग किस स्टेज पर पहुंचा है, उसका पता लगाने, बीमारी को रोकने, दवाओं के साथ उसका इलाज करने और सबसे उन्नत तकनीकों के साथ ऑपरेशन करने में मदद करती हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने अपने डी2सी कदमों का विस्तार किया, सोनिपत में पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोला

**सोनीपत** : भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने पूरे देश में अपनी डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर पहुँच का विस्तार करने की कार्ययोजना के तहत कई अन्य शहरों के साथ सोनिपत में अपने पहले ओला एक्सपीरियंस सेंटर (ईसी) के लॉन्च की घोषणा की है। यह नया लॉन्च किया गया एक्सपीरियंस सेंटर लक्ष्मी नगर में दिल्ली रोड पर स्थित है।ओला एक्सपीरियंस सेंटर्स को ग्राहकों को सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे देने के लिए डिजाईन किया गया है। यहाँ ग्राहक एस1 और एस1 प्रो स्कूटर्स की टेस्ट राईड ले सकते हैं, खरीद की पूरी प्रक्रिया में एक्सपर्ट मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ ग्राहक ओला ऐप से खरीद प्रक्रिया पूरी करने से पहले फाईनेंसिंग के विकल्पों की विस्तृत जानकारी पा सकते हैं। ये एक्सपीरियंस सेंटर ओला स्कूटर की पोस्ट सेल केयर एवं मेंटेनेंस के लिए भी वन-स्टॉप डेस्टिनेशन हैं। ओला अब अपने 2,50,000 ग्राहकों के समुदाय से केवल 20 किलोमीटर दूर है, और उन्हें अपनी सर्विस की सभी जरूरतों एवं हर आवश्यकता के लिए आसानी से उपलब्ध सहायता प्रदान करता है। ओला ने हाल ही में भिन्न-भिन्न रेंज की जरूरतों वाले ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।

## हरियाणा बीजेपी ने की महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बुधवार को महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की है। प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रदेश उपाध्यक्ष, दो प्रदेश सचिव, एक महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, पांच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, चार जिला प्रभारी और तीन जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। उन्होंने इस बाबत अधिकारिक चिट्ठी जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नव दायित्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी दायित्व के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# ऑन द जॉब ट्रेनिंग सफलता का मंत्र -डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग सफलता का बड़ा मंत्र है। इसलिए हम अधिक से अधिक एमओयू करके विद्यार्थियों को सीधा इंडस्ट्री के साथ जोड़ रहे हैं। वह बुधवार को एमओयू के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इस मौके पर चार इंडस्ट्री पार्टनर के साथ एमओयू साइन किए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से विद्यार्थी उन तमाम बारीकियों को सीखते



हैं, जो उन्हें आगे चलकर फील्ड में सहायक साबित होती हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इंडस्ट्री और क्लास रूम को एकीकृत करने की पहल की है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने चारों एमओयू हस्ताक्षर किए और उनका इंडस्ट्री पार्टनर के साथ आदान प्रदान किया। पहला एमओयू एडिबल रूट्स के साथ किया गया। कंपनी की बिजनेस हेड बिंदी जोशी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दूसरा एमओयू ग्रो माय क्रॉप के साथ किया गया। चीफ फार्मर कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ के साथ एमओयू का आदान प्रदान किया। इन दोनों कंपनियों के साथ विश्वविद्यालय के स्किल फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर के अंतर्गत कोर्स करने वाले विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। ऑर्गेनिक खेती करने के तौर तरीके और फायदे इस छह महीने की ओजेटी के दौरान विद्यार्थी सीख पाएंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने तीसरा एमओयू यमुनानगर के गुरुनानक खालसा कॉलेज के साथ किया। इस एमओयू के अंतर्गत हेल्थ केयर, इंजीनियरिंग, एंटरप्रेन्योरशिप, स्पोर्ट्स और मैनेजमेंट विषयों के शॉर्ट टर्म कोर्स में ओजेटी और साझेदारी होगी। कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ के साथ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एचएस कांग ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस दौरान कॉमर्स विभाग के हेड डॉ. संजय अरोड़ा और डायरेक्टर डॉ. अमित जोशी मौजूद रहे। चौथा एमओयू सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड के साथ हुआ। कंपनी के एचआर हेड अजय ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ के साथ एमओयू का आदान प्रदान किया। इसके अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच इंडस्ट्री एकेडमीया पार्टनरशिप रहेगी। कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने कहा कि सभी कंपनियों के साथ मिलकर विद्यार्थियों के पेशेवर विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. लव कौशिक, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू साहू तथा



आहार विशेषज्ञ डॉ. ऋतु भाटिया थे, ने शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

## ओल्ड पेंशन योजना कर्मचारियों का हक: डॉ. अशोक तंवर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि हरियाणा में 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम सरकारी कर्मचारियों का हक है, कोई सरकार का एहसान नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर 1 जून से नांगल चौधरी से शुरू होने वाली यात्रा का आम आदमी पार्टी समर्थन करेगी। आम आदमी पार्टी सभी कर्मचारियों के साथ है। अगर कहीं भी खट्टर सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के साथ ज्यादती की तो आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के आगे ढाल की तरह खड़ी होगी।

# भारतीय मजदूर संघने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

भारतीय मजदूर संघ और सम्बन्धित सभी संगठनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा माननीय प्रधानमंत्री महोदय, भारत सरकार को उपायुक्त महोदय, फरीदाबाद के माध्यम से ज्ञापन दिया गया । प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ से सम्बन्धित निम्न यूनियनों ने हिस्सा लिया। नगर निगम कर्मचारी संघ , हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑगेनाईजेशन (जलकर्मी) ,आई टी आई अनुदेशक कर्मचारी संघ, अनुबन्धित विद्युत कर्मचारी संघ,एन पी सी कर्मचारी संघ,एन एच पी सी कर्मचारी संघ,तेल अनुसंधान कर्मचारी संघ (इन्डियन ओयल), पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारी ऑगेनाईजेशन,लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ, ग्रुप 4 कर्मचारी संघ संगठन उपस्थित रहे। आज के धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता श्री शैलेश चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने की मंच संचालन नीरज त्यागी जिला मंत्री ने किया। ज्ञापन देने से पूर्व उपस्थित कर्मचारियों को प्रेम सिंह रावत,बाबू भड़ाना,अमित कुमार तिगांव खण्ड,लाला राम शर्मा आई टी आई अनुदेशक,निगम महामंत्री मटरू लाल, सुरेन्द्र देशवाल स्वास्थ्य से,नवीन रावत ग्रुप 4 से,राम प्रकाश मछगर, प्रभु शंकर टूरिज्म आदि वक्ताओं ने संबोधित करते हुए इक्के हो कर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले संगठित होने का आह्वान किया । शैलेश चौधरी ने संगठन की उपलब्धि सबके सामने रखी।नीरज त्यागी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने पटना में सम्पन्न 20 वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों बारे विस्तार से जानकारी दी ।सी टी एम श्री अमित जी को ज्ञापन दिया गया । सभी उपस्थित साथियों का धन्यवाद करते हुए शैलेश चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद ने भविष्य में ओर भी अधिक संख्या में उपस्थित रहकर संघर्ष का आह्वान किया।

# 'जेजेपी के राज में किसी भी बिल्डर की मनमानी नहीं चलेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 78 में हैबिटेट सोसायटी में रहने वाले लोगो का बुधवार को भी बिल्डर की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहा यहां के निवासी पिछले दो दिन से धरने पर बैठे है । लोगों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता और तिगांव विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी उमेश भाटी जी धरने पर बैठे लोगों से मिलने पहुंचे । मौके पर आरडब्लूए के सदस्यों ने बताया की सोसायटी वासियों को बिल्डर ने बिना कोई पूर्व जिले सूचना के बिजली बिल भुगतान के इलाकों लिए बने आरु एप से आपरेशनल चार्ज के



नाम पर पैसे काट लिए। जिसके बाद सभी का खाता माइनस में चला गया है। यदि 30 दिन में माइनस राशि का भुगतान नहीं किया, तो बिजली. कनेक्शन काटने की धमकी दी है। जिस पर उमेश भाटी जी ने कहा की ऐसा करने का अधिकार किसी को नहीं है। क्यों की अफोर्डेबल फ्लैट स्किम के तहत 5 साल तक मिटनेनेंस चार्ज माफ होता है रो फिर यह आपरेशनल चार्ज कहा से आ गया , जिस पर स्थानीय लोगो ने कहा की बिल्डर मनमानी कर रहा है। जिस पर उमेश भाटी ने कहा की ऐसे कोई बिल्डर मनमानी नहीं कर सकता है। हरियाणा में जेजेपी की सरकार है। जिसके राज में किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे उन्होंने स्थानीय लोगो की सारी समस्या सुनने के बाद कहा की आप एक लेटर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी के नाम मुझे लिख कर दे मैं खुद दुष्यंत चौटाला जी से मिलकर आपकी समस्या को रखूँगा । डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी जब फरीदाबाद में ग्रीवेंस कमिटी के अध्यक्ष थे। तब खुद उन्होंने काफी हद तक ऐसी समस्या के आने पर इन बिल्डरों की मनमानी पर लगाम लगाई थी।

# समलैंगिक विवाह के विरुद्ध एकजुट हुए सामाजिक-धार्मिक संगठन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह के विरुद्ध एकजुट हुए सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने रोक लगाने के लिए मांग पत्र दिया है। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला उपायुक्त के माध्यम से समलैंगिक विवाह पर तुरंत रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से निवेदन किया गया है। विश्वम्भरा सेवा न्यास सहित फरीदाबाद के अन्य संगठनों की महिला प्रतिनिधि काफी संख्या में उपस्थित रहीं। सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय पर विश्वम्भरा सेवा न्यास का प्रतिनिधिमंडल अन्य संगठनों की महिला स्वयंसेविकाओं के साथ एकत्रित



हुआ। न्यास की अध्यक्ष रजनी गुलाटी ने बताया की उन्होंने आज अन्य संगठनों के सहयोग से राष्ट्रपति के नाम एक मांगपत्र जिला उपायुक्त विक्रम के माध्यम से दिया जिसमें भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक सामंजस्य के लिए गंभीर समस्या बनने वाले समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह के विरुद्ध तुरंत रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया है। गुलाटी ने बतया कि समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह को मान्यता नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि यह हमारी संस्कृति -सभ्यता पर आघात होने जा रहा है। देश एवं राष्ट्रहित में हमारा जन जागरण अभियान कार्य जारी रहेगा। उपरोक्त मांग पत्र में बताया गया कि भारत देश, आज, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों की अनेक चुनौतियों का, सामना कर रहा है, तब विषयांतर्गत विषय को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुनने एवं निर्णीत करने की कोई गंभीर आवश्यकता नहीं है। देश के नागरिकों की बुनियादी समस्याओं जैसे गरीबी उन्मूलन, निःशुल्क शिक्षा का क्रियान्वयन, प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण की समस्या, देश की पूरी आबादी को प्रभावित कर रही है, उक्त गंभीर समस्याओं के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय से निर्णय लेने के लिए निवेदन किया गया है। विश्वम्भरा सेवा न्यास फरीदाबाद की सचिव सुषमा तोलम्बिया ने बताया कि विशंभरा सेवा न्यास फरीदाबाद किस सचिव सुषमा तोलंबिया ने बताया कि हमारे हिंदू जीवन पद्धति को विश्व देख रहा है। यथासंभव अनुसरण भी कर रहा है। यह हमारे लिए गर्व एवं गौरव का विषय है। भारतीय संस्कृति एवं संस्कार की धरोहर की चाबी को हम नई पीढ़ी को सौंपते हैं। जिसको लेकर हमारी भावी पीढी गृहस्थ आश्रम मे या जीवन मे प्रवेश करती है। हमारे 16 संस्कारों में विवाह संस्कार प्रमुख है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति मे विवाह कान्ट्रैक्ट नहीं है जेसा अन्य देश या महजब मे होता है। यह एक ऐसा रिश्ता है। जिसके लिए हम जीवन भर ही नहीं अगले जन्म मे भी प्रतीक्षा करते है। विवाह संस्कार को विकृत होने से रोकने के लिए चिंता नहीं चिंतन करने के लिए हम सभी को एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है। मांग पत्र के माध्यम से माननीय न्यायालय से विनम्र निवेदन किया गया है कि इस विषय की गंभीरता का ध्यान रखा जाए। विश्वम्भरा सेवा न्यास फरीदाबाद की कोषाध्यक्ष ममता मलिक ने बताया कि भारत में इझविवाहइझ का, एक सभ्यतागत महत्व है और एक महान और समय की कसौटी पर खरी उतरी, वैवाहिक संस्था को, कमजोर करने के किसी भी प्रयास का, समाज द्वारा मुखर विरोध किया जाना चाहिये। भारतीय सांस्कृतिक सभ्यता पर, सदियों से, निरन्तर आघात हो रहे हैं, फिर भी, अनेक बाधाओं के बाद भी, वह बची हुई है। अब स्वतंत्र भारत में इसे अपनी सांस्कृति जड़ों पर, पश्चिमी विचारों, दर्शनों एवं प्रथाओं के अधिरोपण का सामना करना पड़ रहा है जो इस राष्ट्र के लिये व्यवहारिक नहीं है। इस महत्वपूर्ण विषय पर न्याय की स्थापना एवं न्याय तक पहुंचने के मार्ग को सुनिश्चित करने तथा न्यायपालिका की विश्वसनीयता को कायम रखने के लिये, लंबित मामलों को पूरा करने एवं महत्वपूर्ण सुधार करने के स्थान पर, एक काल्पनिक मुद्दे पर न्यायालयीन समय एवं बुनियादी ढांचे को नष्ट किया जा रहा है। , जो सर्वथा अनुचित है।

## किसानों को मिल रहा सम्मान: योगी

### सीएम योगी का कर्नाटक में रोड शो, उमड़ी भीड़, किया प्रचार



**टीम एक्शन इंडिया/मांड्या**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को विधानसभा चुनाव का प्रचार करने के लिए कर्नाटक पहुंचे। भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में उन्होंने रोड शो और सभाएं कर जनता से समर्थन मांगा। उनके रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री योगी ने मांड्या की एक जनसभा में कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती से यहां आकर मैं आप सबका अभिनंदन करता हूं। उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध त्रेतायुग से है। भगवान राम के वनवास के समय उन्हें बजरंगबली यहीं कर्नाटक में मिले थे। यह अभिन्न मित्रता है। यह भक्त और स्वामी का संबंध है। यह संबंधों की व्यवस्था वहीं से है। इसीलिए मेरी आत्मीयता यहां से रहती है। उन्होंने कहा कि मांड्या कुंभ का आयोजन यहीं हुआ था। मुझे आना था लेकिन उप्र में बाढ़ की स्थिति की वजह से नहीं आ सका। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला था। आज दुनिया में भारत का नागरिक कहीं भी जाता है, सम्मान पाता है। आजादी के अमृतकाल में भारत दुनिया के 20 बड़े राष्ट्रों की अध्यक्षता जी-20 के माध्यम से कर रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस विकास की बात करती है। उनका प्रोजेक्ट पंचवर्षीय योजना के आधार पर बनता था। योजना कभी नहीं पूरी होती थी। आज प्रधानमंत्री मोदी अगर कोई शिलान्यास करते हैं तो उद्घाटन की तारीख तय हो जाती है। वही उद्घाटन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के किसान एक समय बदहाल थे। आत्महत्या करने को मजबूर थे। आज किसानों को प्रधानमंत्री मोदी से सम्मान मिल रहा है। मुझे लोग पूछते हैं कि उत्तर प्रदेश में आपको सम्मान क्यों मिलता है। मैं यही कहता हूं कि वहां डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। आज उत्तर प्रदेश में नो कर्फ्यू, नो दंगा, वहां सब है चंगा। यह डबल इंजन की सरकार ही है जिसने कर्नाटक में पीएफआई जैसे संगठन पर बैन लगा दिया। आप यहां पर डबल इंजन की सरकार फिर से लाइये।

**भारी भीड़ उमड़ी**

**▪ किसान एक समय बदहाल थे। आत्महत्या करने को मजबूर थे। आज किसानों को प्रधानमंत्री मोदी से सम्मान मिल रहा है**

**अयोध्या आने का न्योता:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा, मैं आपको आमंत्रित करने आया हूं। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। आपने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान दिया था। जनवरी 2024 में मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो चुका होगा। रामलला 500 वर्ष बाद पहली बार अपने मंदिर में विराजमान होंगे।

## सीएम से बातचीत के बाद भी आंदोलन जारी

**आरक्षण आंदोलन**

**▪ सैनी समाज आरक्षण संघर्ष समिति और आंदोलनकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए**



**टीम एक्शन इंडिया/भरतपुर**
**बारह फीसदी** आरक्षण की मांग को लेकर जयपुर-आगरा हाइवे स्थित अरोदा पर जाम लगाकर बैठे सैनी, शाक्य, मौर्य और कुशवाह समाज का आरक्षण आंदोलन बुधवार को छठे दिन भी जारी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हुई बातचीत में आरक्षण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा देने के बावजूद आरक्षण आंदोलन खत्म करने की राह नहीं निकल पाई हैं। सैनी समाज आरक्षण संघर्ष समिति और आंदोलनकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए और अपनी मांगों को लेकर अभी भी आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के हालात को देखते हुए संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने भी इंटरनेट सेवाओं की बंद अवधि को 26 अप्रैल की रात 12 बजे तक बढ़ा दिया है। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर आरक्षण को लेकर जुटे आंदोलनकारियों ने साफ कह दिया है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग खाली नहीं करेंगे। मंगलवार शाम फुले आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारी लाल सैनी ने अरोदा गांव पहुंचकर आंदोलनकारियों से सीएमआर पर मुख्यमंत्री से हुई वार्ता के बिंदू साझा किए थे। सैनी ने कहा कि सरकार ने आरक्षण पर काम शुरू कर दिया है लेकिन आंदोलनकारियों ने मंगलवार को सुसाइड करने वाले आंदोलनकारी मोहन सिंह के परिवार को एक करोड़ के मुआवजे व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग कर दी। इससे मामला अटक गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि सरकार जब तक मुआवजे का ऐलान नहीं करेगी, हाईवे खाली नहीं करेंगे। मंगलवार को धरना स्थल के पास चह गांव में हाईवे के किनारे पेड़ से फंदा लगाकर एक आंदोलनकारी मोहन सिंह (48) ने आत्महत्या कर ली थी। मंगलवार को फुले आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारी लाल सैनी की अगुवाई में सैनी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचा और सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। समाज ने 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग दोहराई। यहां दोपहर तीन बजे तक दो दौर की वार्ता हुई। सरकार ने संघर्ष समिति को लिखित मसौदा दिया। सरकार ओबीसी आयोग को पत्र लिखकर समाज की जनसंख्या की गणना कर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक स्थिति से अवगत कराएगी। एक मई को प्रशासन के अधिकारियों से बात होगी।

**न्यूज फ्लैश**

### गंगोत्री धाम: श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**उत्तरकाशी:** पश्चिम बंगाल के बुजुर्ग श्रद्धालु की उत्तरकाशी के एक आश्रम में हार्ट अटैक से मौत हो गई। उत्तरकाशी पुलिस ने मानवीय धर्म निभाते हुए बुजुर्ग का केदारघाट गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया। पुलिस के जवानों ने मानवता का धर्म निभाते हुए पश्चिम बंगाल, हावड़ा के एक 75 वर्षीय श्रद्धालु की अचानक मृत्यु हो गई। श्रद्धालु का कोई वारिस न होने पर उनकी पत्नी को सांत्वना दी और अंतिम संस्कार किया। दरअसल बीते 23 अप्रैल को पश्चिम बंगाल हावड़ा बेलूरमठ से अपनी पत्नी श्रीमती कल्पना (68 वर्ष) और परिचित दीपिका समोई के साथ चारधाम यात्रा पर आये 75 वर्षीय बुजुर्ग श्रद्धालु प्रदीप कुमार गंगोत्री धाम के मुख्य पड़ाव उत्तरकाशी में रुद्रावास आश्रम उजेली में रुके थे। इस दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी और साथ आयी महिला काफी परेशान थे, वे मदद की गुहार लगा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उनकी पत्नी को सांत्वना दी। उनकी पत्नी ने बताया कि हमारा कोई वारिस संतान नही है और वे मृत शरीर को वापस पश्चिम बंगाल ले जाने में भी असमर्थ हैं। वारिस-संतान न होने पर पुलिस ने मानवता का धर्म निभाते हुए केदारघाट उत्तरकाशी पर हिन्दू रीति रिवाज से उनका दाह संस्कार किया। महिला श्रद्धालु ने अश्रुपूरित आंखों से पुलिस के जवानों का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। वहां उपस्थित लोगों ने इस मानवीय कार्य के लिए उत्तरकाशी पुलिस की सरहाना की गई।

### धौलपुर में एससी-एसटी कोर्ट का बड़ा फैसला

**धौलपुर:** राजस्थान के धौलपुर जिले के एससी-एसटी न्यायालय ने चार लोगों के सामूहिक हत्या के मामले में एक दोषी को बुधवार को फांसी की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषी पर 10 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वर्ष 2008 में बाडी थाना इलाके में हुए इस सामूहिक हत्याकांड के तीन आरोपित फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में हैं तथा उनकी ट्रायल चल रही है। विशिष्ट लोक अभियोजक सैयद माहिर हसन रिजवी ने बताया कि परिवादी जयपाल सिंह पुत्र रतनलाल निवासी धोंधे का पुरा थाना बाडी ने 09 जुलाई 2008 को थाना बाडी में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## भाजपा स्मार्ट हो गई लेकिन शहर स्मार्ट नहीं हुए: अखिलेश



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश में** एनकाउंटर जाति-धर्म के आधार पर और कानून की धज्जियां उड़ा कर हो रहा है। समाजवादियों को सरकार से लड़ना है। डीएम-एसपी से लड़ना है। इनके पैसे से लड़ना है और इनके टीवी-चैनलों से लड़ना है। सोचो कितना कड़ा मुकाबला है। भाजपा स्मार्ट हो गई लेकिन शहर स्मार्ट नहीं हुए। यह आरोप उत्तर प्रदेश में चल रहे नगरीय निकाय चुनाव के बीच गाजियाबाद दौरे पर पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लगाए। अखिलेश ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए पत्रकारों से कहा कि इनसे स्वास्थ्य सेवाओं पर पूछोगे तो यह तमंचा बोलेंगे, इनसे पूछो कि आपने वादा किया था कि पढ़ाई सस्ती होगी तो बोलेंगे तमंचा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नहीं कर पाए तो तमंचा, नदियां साफ नहीं कर पाए तो तमंचा। महंगाई, बेरोजगारी की बात करो तो कहेंगे तमंचा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारी बनाई साइकिल ट्रैक बर्बाद कर दी। महंगाई पर भाजपा नहीं बोलती है। सिलेंडर से लेकर दाल तक महंगी हो गई। महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। किस निजी स्कूल की फीस कम हो गई। सड़कों से सांड नहीं हटा पा रहे हैं। शहरों को कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ जैसी राजधानी से समाजवादियों का काम हटा दो तो क्या मिलेगा वहां? भाजपा वाले बताएं यहां पर एक ऑटो वाले को पुलिस ने पीट-पीटकर मार दिया था, क्या उसकी सरकार ने सहायता की?

**तंज कसा**

**▪ स्वास्थ्य सेवाओं पर पूछोगे तो यह तमंचा बोलेंगे, इनसे पूछो कि वादा किया था कि पढ़ाई सस्ती होगी तो बोलेंगे तमंचा**



मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान कर्नाटक में चुनाव प्रचार करते हुए।

## अखिलेश के समय में विकास हुआ ही नहीं: भूपेंद्र चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/रायबरेली**
निकाय चुनाव के लिए प्रचार की जमीनी हकीकत को समझने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को रायबरेली पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूछताछ के बाद प्रचार अभियान का जायजा लिया और एकजुट होकर उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा मुखिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश राज में विकास तो हुआ नहीं तो उन्हें विकास कैसे दिखेगा। बुधवार को निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन करने रायबरेली पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनके समय में विकास हुआ नहीं इसलिए उन्हें विकास नहीं दिख रहा है।

**जायजा लिया**

**▪ कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूछताछ के बाद प्रचार अभियान का जायजा लिया**

### क्रांति दिवस पर मेरठ में होगा भव्य कार्यक्रम, आ सकते हैं पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
मेरठ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 10 मई को शुरू हुआ था। इस बार 10 मई क्रांति दिवस पर मेरठ कैंट में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेरठ कैंट में 10 मई क्रांति दिवस को यादगार तरीके से मनाने के लिए तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की संभावना है।

## मां ही निकली तीन मासूम बच्चियों की हत्यारिन



**टीम एक्शन इंडिया/धार**
**धार जिले के** सरदारपुर के श्यामपुरा ठाकुर गांव में मंगलवार शाम को कुंए में तीन बच्चियों के शव मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। तीनों बच्चियों की हत्या उनकी मां ने ही की थी। बच्चों के शव मिलने के बाद से ही पुलिस मां की तलाश कर रही थी। बुधवार सुबह पुलिस को बच्चों की मां टांडा खेड़ा गांव में मिली। जहां उसने पुलिस के सामने बच्चों की हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस जांच में पता चला है कि महिला ने अंधविश्वास के चलते इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया और अपनी ही तीन बच्चियों को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर आगे की पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार मंगलवार शाम को श्यामपुरा ठाकुर गांव में एक बच्ची का शव कुएं के पास और दो के शव कुएं के अंदर मिले थे।

**व्यापक प्रचार-प्रसार** योजना का क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान मूल्य समर्थन योजना का लाभ प्राप्त कर सकें

## मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से शुरू हुई गेहूं खरीद



**टीम एक्शन इंडिया/झांसी**
जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद में रबी विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए गेहूं क्रय केंद्र से संबंधित अधिकारियों से कहा कि राजकीय खरीद बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जाने हैं। इस योजना का क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान मूल्य समर्थन योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि मूल्य समर्थन योजना रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं खरीद के लिए शासन द्वारा जनपद में मोबाइल गेहूं क्रय केन्द्र की व्यवस्था करायी गयी है। जिसके द्वारा क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा उचित दर विक्रेताओं एवं ग्राम प्रधानों से वार्ता की जाएगी तथा जिस ग्राम में ट्रक लोड गेहूं क्रय की सम्भावना हो, वहां मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से पंचायत भवन व उचित दर विक्रेताओं की दुकानों आदि सार्वजनिक स्थल पर गेहूं क्रय किया जाएगा तथा वहीं से क्रय गेहूं का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम के डिपो पर किया जायेगा । उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से ग्रामीण अंचल में जहां गेहूं के भाव अपेक्षाकृत कम होते हैं वहां मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं करें बढ़ाया जाए मोबाइल क्रय केंद्रों के संपर्क के लिए केंद्र प्रभारी के मोबाइल नंबर व भ्रमण कार्यक्रम का उचित प्रचार-प्रसार भी कराना सुनिश्चित करें। खरीद की तिथि से ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं को सूचित करेंगे तथा ग्राम प्रधान / उचित दर विक्रेता गांव में मोबाइल टीम आने की सूचना गांव के किसानों को पूर्व में उपलब्ध कराएंगे।

